हिंदी दैनिक
# न्यूज़ वायरस

वर्ष : 11 अंक : 204 देहरादून, शुक्रवार, 3 फरवरी, 2023 मूल्य : एक रुपया पृष्ठ : 08



मुख्यमंत्री राहत कोष में वेंकटेश्वरा मेडिकल कॉलेज एवं यूनिवर्सिटी ने 25 लाख दिए 3

# सीएम धामी ने जेल से ड्रग्स फ्री उत्तराखंड का अभियान शुरू किया

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जिला कारागार, सुद्धोवाला देहरादून में मिशन ड्रग्स फ्री देवभूमि का शुभारम्भ करते हुए प्रदेशवासियों विशेषकर राज्य के युवाओं का आह्वान किया है कि उत्तराखण्ड सरकार ने देवभूमि उत्तराखण्ड को 2025 तक ड्रग्स फ्री बनाने का संकल्प लिया है। इस संकल्प सिद्धि के लिए सरकार के साथ ही समाज, युवाओं, एनजीओं, सेलिब्रिटिज, सफल लोगों व विभिन्न सामाजिक-शैक्षणिक संस्थानों को आगे आना होगा और मिलकर काम करना होगा। सरकार के इस अभियान को महाअभियान बनाना है। इस जन अभियान में प्रत्येक उत्तराखण्डवासी का योगदान महत्वपूर्ण है। मुख्यमंत्री श्री धामी ने कहा कि युवा किसी भी प्रकार के नशे को दृढ़ता से ना कहें तथा अन्य लोगों को भी नशे के दुष्प्रभाव के विषय में जागरूक करें।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने जिला कारागर में नवनिर्मित बेकरी यूनिट का लोकापर्ण किया। उन्होंने जिला कारागार में वेदान्त फाउण्डेशन के सौजन्य से संचालित कम्पयूटर प्रशिक्षण केन्द्र, कारागार अंलकार प्रदर्शनी , महिला बन्दियों द्वारा हस्तनिर्मित प्रदर्शनी, कारागार में व्यवसायिक प्रशिक्षण केन्द्र का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने कैदियों से उनकी कुशलक्षेम पूछी तथा उन्हें सकारात्मक सोच अपनाने को कहा। उन्होंने कहा कि आशा है कि जेलों में निर्मित उत्पाद भविष्य में स्थानीय बाजार में भी बिक्री हेतु उपलब्ध होंगे। मुख्यमंत्री श्री धामी ने कारागार से संचालित दून जेल रेडियों के माध्यम से अपना संदेश दिया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री धामी ने घोषणा की कि कारागार विभाग के नाम को परिवर्तित करते हुये "कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवा'' किया जाएगा एवं "बंदी गृह" के स्थान पर ''बंदी सुधार गृह'' किया जाएगा। कारागार विभाग में पृथक सुधार सेवा के रूप में करैक्शनल सर्विस विंग का गठन किया जाना। बन्दी कल्याण कोष का गठन करते हुए कोष में एकमुश्त धनराशि 1 करोड़ रूपये का प्राविधान किया जाएगा।




बन्दीरक्षक संवर्ग को मासिक पौष्टिक आहार भत्ता रूपये 1 हजार अनुमन्य किया जाएगा। बन्दी रक्षक संवर्ग को वर्दी भत्ता अनुमन्य किया जाएगा। बन्दी प्रशिक्षण एवं पुर्नवास हेतु जिला कारागार, देहरादून में स्किल डेवल्पमेन्ट प्रोग्राम हेतु प्रशिक्षण केन्द्र की स्थापना की जाएगी।



मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि कारागार भी समाज का ही अंग है। कैदी कारागार को पाश्चताप और सुधार की तपस्थली माने और सकारात्मक सोच के साथ भविष्य में समाज की मुख्यधारा से जुड़कर राष्ट्रनिर्माण मे योगदान का संकल्प लें। उन्होंने कहा कि सरकार का संकल्प है कि 2025 में जब हम राज्य स्थापना की रजत जयंती मना रहे हों तो हमारा राज्य पूर्ण रूप से नशा मुक्त हो जाए। हम प्रत्येक क्षेत्र में अग्रणी राज्य होंगे। उत्तराखण्ड भी एक भारत श्रेष्ठ भारत के अभियान में अपना अमूल्य योगदान देगा। कारागारों में ड्रग्स के आदी कैदी भी आते है, जिनके रखरखाव/देखभाल कारागार प्रशासन के लिए एक बड़ी चुनौती हैं। राज्य के सभी कारागारों में भी ड्रग्स फ्री का अभियान के बारे में जागरूकता लाई जानी चाहिए। यह सराहनीय है कि ड्रग्स के विरूद्ध इसी अभियान के तहत जिला कारागार, देहरादून में सुभारती मेडिकल कॉलेज के सहयोग से ड्रग्स डी एडिक्शन सेन्टर की शुरूआत की जा रही है। हमने नशे के कारोबारियों के खिलाफ कठोर से कठोर कार्यवाही के निर्देश दिये हैं।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि सरकार ने जेलों में निरूद्ध आजीवन कारावास के बंदियों की समयपूर्व मुक्ति की पारदर्शी स्थाई नीति बनायी है, जिससे 14 साल की सजा पूरी करने पर बन्दी रिहाई का पात्र हो जाएगा। इस नीति के अन्तर्गत इस समय 160 बन्दियों की रिहाई पर विचार किया जा रहा है। कैदी अपने परिजन की मृत्यु होने पर उसके अन्तिम संस्कार से वंचित रहते थे। सरकार द्वारा अन्य राज्यों की अपेक्षा आसान पैरोल व्यवस्था बनायी गई है। सरकार ने बन्दी के परिजन की मृत्यु पर अन्तिम संस्कार हेतु तत्काल 24 घण्टे का पैरोल तथा मृत्यु उपरान्त संस्कारों हेतु 15 दिन के पैरोल की व्यवस्था की है।

# राज्यपाल ने किया एनसीसी निदेशालय उत्तराखण्ड द्वारा आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से.नि.) ने गुरुवार को राजभवन ऑडिटोरियम में एनसीसी निदेशालय उत्तराखण्ड द्वारा आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में राज्यपाल ने इस वर्ष गणतन्त्र दिवस परेड में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने और विशेष सम्मान प्राप्त करने वाले एनसीसी कैडेट्स को सम्मानित किया। कार्यक्रम में एनसीसी कैडेट्स ने पाइप बैंड और सांस्कृतिक नृत्य के ज़रिए मनमोहक प्रस्तुतियाँ दी। राज्यपाल ने एनसीसी कैडेट्स को उनकी विभिन्न उपलब्धियों हेतु बधाई देते हुए भविष्य के लिए शुभकामनाएं भी दी।

राज्यपाल ने कहा कि एनसीसी भारतीय सशस्त्र बलों का चौथा स्तंभ है। उन्होंने कहा कि पूरे प्रदेश के चालीस हज़ार से ज़्यादा कैडेट्स में से मात्र 116 कैडेट्स का गणतंत्र दिवस के लिए चयन होना अपने आप में बड़ी उपलब्धि है। राज्यपाल ने कहा कि पिछले कुछ महीनों से गणतंत्र दिवस की परेड के लिए जो मेहनत सभी ने की है, उसे आगे भी बरकरार रखने की ज़रूरत है।



राज्यपाल ने कहा कि एनसीसी में सिखाये जाने वाले एकता और अनुशासन के मूल मंत्र को जीवन के अंतिम पग तक अपनाना चाहिए। उन्होंने कैडेट्स को संबोधित करते हुए कहा कि आप सब भविष्य के नेतृत्वकर्ता हैं और अमृतकाल में नए भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की ज़िम्मेदारी युवाओं के कंधों पर है। उन्होंने कहा कि एनसीसी कैडेट्स देश को एक नई ऊंचाई पर ले जाएं, उत्तराखण्ड और भारत को आत्मनिर्भर और विकसित बनाएं।


राज्यपाल ने कहा कि कैडेट्स युवा भारत का नेतृत्व करते हुए डिजिटल क्रांति, स्टार्ट-अप क्रांति, इनोवेशन क्रांति में सहभागी बनते हुए उत्तराखण्ड का नाम रौशन करें। राज्यपाल ने कैडेट्स से स्पेस टेक्नोलॉजी, साइबर, एनीमेशन, गेमिंग सेक्टर, ड्रोन टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में एक लीडर के रूप में सहभागी बनने की अपेक्षा की। कार्यक्रम में एनसीसी निदेशालय के अधिकारियों द्वारा कैडेट्स के चयन प्रक्रिया से लेकर गणतंत्र दिवस कार्यक्रम तक की सभी गतिविधियों से राज्यपाल को अवगत कराया गया। इस दौरान राज्यपाल ने सभी कैडेट्स से मुलाकात कर उनके अनुभवों के बारे में जानकारी ली।


कार्यक्रम में प्रथम महिला गुरमीत कौर, एडीजी उत्तराखण्ड एनसीसी निदेशालय मेजर जरनल पी.एस.दहिया, कंटीजेंट कमांडर आरडीसी 2023 लेफ्टिनेंट कर्नल दीपेन्द्र सिंह समेत एनसीसी के अधिकारी-कर्मचारी एवं कैडेट्स मौजूद रहे।

# शादीशुदा लोगों के लिए आ गया रोमांटिक ऐप ! जानिए क्यों हुआ पॉपुलर

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

क्या आप जानते है उस ऐप के बारे में जो शादीशुदा लोगों के बीच इस वक्त तेजी से वायरल (Viral) हो रही है, जो उनको एक्स्ट्रा मैरिटल अफेयर (Extra Marital Affair) के लिए साथी ढूंढने में मदद करती है. हैरानी की बात तो ये है कि फ्रांस में बनाई गई इस ऐप के 20 प्रतिशत यूजर्स भारतीय हैं.सोचिए हमारे देश में अभी तक डेटिंग ऐप को केवल युवाओं का ही फुल सपोर्ट मिला है, उनके मां-बाप का नहीं. लेकिन इसी देश में GLEEDEN नाम की एक ऐसी ऐप भी चल रही है, जिसके यूजर्स ऐसे शादीशुदा लोग हैं, जो अपने पति या पत्नी से खुश नहीं है, और वो विवाहेत्तर संबंध रखने के इच्छुक हैं. ये डेटिंग ऐप शादी से नाखुश लोगों को मिलवाने के लिए बनाई गई ऐप है. इस ऐप के बारे में ज्यादा लोग नहीं जानते हैं क्योंकि ये मोबाइल एप्लिकेशन अभी तक फ्रांस में ही पॉपुलर थी. फ्रांस में GLEEDEN नाम की ये ऐप बनाई गई है. अब आप ये सोच रहे होंगे कि फ्रांस में बनी ये ऐप, भारत में कैसे आ गई, और अचानक हम इसकी बात क्यों कर रहे है. तो आपका जानकारी के लिए बता दें कि ये ऐप वर्ष 2017 में भारत लॉन्च हुई थी.



**20 लाख भारतीय हैं GLEEDEN के यूजर**

आज फ्रांस के इस एक्स्ट्रा मैरिटल डेटिंग ऐप GLEEDEN के कुल 1 करोड़ यूजर्स हैं. इसमें से 20 प्रतिशत यूजर्स भारतीय हैं, यानी कुल 1 करोड़ नाखुश शादीशुदा लोगों में से 20 लाख लोग भारतीय हैं. कंपनी का कहना है कि सितंबर 2022 से लेकर अब तक GLEEDEN ऐप के यूजर्स करीब 11 प्रतिशत तक बढ़े हैं. इसका मतलब ये है कि एक्स्ट्रा मैरिटल डेटिंग ऐप की लोकप्रियता भारतीयों में काफी तेजी से बढ़ी है. GLEEDEN के 66 प्रतिशत यूजर्स दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरु, कोलकाता जैसे टियर-1 यानी बड़े शहरों के हैं. यही नहीं 34 प्रतिशत यूजर्स टियर-2 या टियर-3 शहरों के भी हैं, यानी मेरठ, लखनऊ, भोपाल, हैदराबाद और नागपुर जैसे छोटे शहरों में भी इस ऐप के यूजर्स हैं हैरानी की बात ये है यूजर्स में बड़ी संख्या घरेलू काम करने वाली महिलाओं की भी है.

शादीशुदा महिलाओं के एक्स्ट्रा मैरिटल डेटिंग का ख्याल रखते हुए बनाई गई इस ऐप का असर कहिए, या फिर कुछ और, लेकिन वर्ष 2019 में इस कंपनी के एक सर्वे में चौंकाने वाली जानकारी मिली थी. हो सकता है कि अब हम आपको जो बताने जा रहे हैं उससे बहुत से लोग इत्तेफाक ना रखते हों. लेकिन इस ऐप ने अपने सर्वे का जो डेटा जारी किया, उसके मुताबिक बड़ी संख्या शादीशुदा महिलाएं अपने साथी को धोखा देती हैं.GLEEDEN ऐप ने अपने यूजर्स से कुछ सवाल पूछे थे जिसके आधार पर उसने एक रिपोर्ट तैयार की. इसके मुताबिक बेंगलुरु, मुंबई और कोलकाता की महिलाएं, पति को धोखा के मामले में सबसे आगे हैं.

सर्वे में शामिल 77 प्रतिशत शादीशुदा महिलाओं के मुताबिक शादी के बाद पति को धोखा देने की पहल की वजह 'बोरियत' है. 31 प्रतिशत शादीशुदा महिलाओं ने माना कि उनके विवाहेत्तर संबंध ज्यादातर जान पहचान वाले पुरुषों से रहे हैं. सर्वे में ये बात भी सामने आई कि 52 प्रतिशत महिलाएं और 57 प्रतिशत पुरुष अपने साथी को बिजनेस ट्रिप के दौरान धोखा देते हैं. GLEEDEN ऐप के मुताबिक उनके सबसे ज्यादा एक्टिव यूजर्स बेंगलुरू शहर के हैं. कंपनी के मुताबिक बेंगलुरू के यूजर्स, हर दिन औसतन डेढ़ घंटा इस मोबाइल ऐप पर बिताते हैं. ज्यादातर यूजर्स दोपहर 12 से 3 बजे, और रात 10 से 12 बजे के बीच मोबाइल ऐप का इस्तेमाल करते हैं. सर्वे में यूजर्स से धोखा देने की वजह पूछी गई थी.तो आप भी ऐसे किसी ऐप को ट्राई मत कीजियेगा जो मज़े के चक्कर में आपकी खुशहाल ज़िंदगी को तनाव से भर दे।

# ख़ामोशी तोड़िये, सेक्सुअल हैरेसमेंट क़ानून को जानिए

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

ब्यूरो रिपोर्ट , 3 फरवरी , कल्पना (काल्पनिक नाम) कुछ दिनों से काफी चुप-चुप रहने लगी थी। ये बात उसके ऑफिस में सबने नोटिस की। ऑफिस में उसकी बेस्ट फ्रेंड ने कई बार उससे ये जानने की कोशिश। कल्पना ने जो अपनी सहेली को बताया वो हैरान करने वाला था। उसके साथ प्रोजेक्ट में काम करने वाला राहुल नाम का लड़का अक्सर उसे गंदी नीयत से छूता रहता है। उसने राहुल को कई बार मना करने की कोशिश की, लेकिन उसने उल्टा कल्पना को ही धमकी दी कि अगर उसने ऑफिस में किसी को कुछ भी बताया तो वो उसे बदनाम कर देगा। उसके बाद तो कल्पना जैसे चुप सी हो गई और सब सहती रही।

**क्या है सेक्सुअल हैरेसमेंट ?**

कल्पना राहुल की हमारे देश प्रदेश और आसपास कमी नहीं है। हम कितने भी आधुनिक क्यों न हो जाएं लेकिन हमारे देश में सेक्सुअल हैरेसमेंट के मामले बढ़ते ही जा रहे हैं। कई बार तो लड़कियां ये समझ ही नहीं पातीं कि उनके साथ यौन उत्पीड़न यानी सेक्सुअल हैरेसमेंट हुआ है। सबसे पहले जान लीजिए सेक्सुअल हैरसमेंट यानी यौन उत्पीड़न होता क्या है। किसी भी तरह की सेक्सुअल एक्टिविटी यानी यौन गतिविधी जो बिना सहमति के हो वो सेक्सुअल हैरसमेंट कहलाती है। वैसे तो इस दायरे में लड़के-लड़कियां दोनों आते हैं, लेकिन अक्सर लड़कियों के साथ सेक्सुअल हैरेसमेंट ज्यादा देखा जाता है।

**यौन उत्पीड़न में क्या -क्या शामिल है ?**

किसी लड़की को बिना उसकी मर्जी के गंदी नीयत से छूना, गंदे मैसेज भेजना, जबरदस्ती किस करना, गंदी बातें करना, लड़की को देखकर भद्दी टिप्पणी करना, सीटी बजाना, उसकी सेक्सुअल लाइफ के बारे में जानने की कोशिश करना, फोन पर या सामने उससे भद्दे मजाक करना, ये सारी बातें सेक्सुअल हैरेसमेंट में आती हैं। हमारे देश में सेक्सुअल हैरेसमेंट के जितने केस दर्ज होते हैं उससे कहीं ज्यादा छुपाए जाते हैं। वजह होती है लड़की का डर या घबराहट या फिर समाज की वजह से सामने न आना। बिल्कुल वैसे ही जैसे निशा संजय के खिलाफ किसी को बताने से कतरा रही थी।

**लड़कियां शिकायत करने से बचती हैं**

हमारे समाज में अक्सर लड़कियों को इस तरह के मामलों में सामने आने से रोका जाता है। हालांकि पिछले कुछ समय में थोड़ा बदलाव जरूर आया है। कई महिलाएं इस तरह की घटनाओं के खिलाफ खुलकर सामने आती हैं। कई बार प्रदर्शन भी होते हैं। मी टू जैसे कैम्पेन के तहत भी कई लड़कियों ने अपने खिलाफ हुए यौन उत्पीड़न को सबके सामने रखा, लेकिन ऐसे मामले बेहद कम होते हैं और वजह होती है इससे जुड़े कानून की जानकारी न होना ।साल 2013 से पहले भारतीय संविधान की धारा 354 के तहत कोई भी अगर सेक्सुअल हैरेसमेंट के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज करवाता था और आरोप सिद्ध होते थे तो उसे आईपीसी की धारा के तहत एक साल से लेकर 5 साल की सजा हो सकती थी, चाहे मामला कोई भी हो। 2013 के बाद इस कानून में काफी बदलाव किए गए हैं। अब सेक्सुअल हैरेसमेंट को चार धाराओं में बांटा गया है। धारा- 354-A, धारा- 354-B, धारा- 354-C, धारा- 354-D।






**क्या कहती है धारा 354-A ?**

इसके तहत वो मामले आएंगे जिसमें किसी महिला के साथ जबरन शारीरिक संबंध बनाने की कोशिश की गई हो, उसे गंदी नीयत से टच किया गया हो, अश्लील मैसेज भेजे गए हो या फिर गंदे कमेंट किए गए हों ।अश्लील वीडियो दिखाने को भी इसी धारा के तहत लिया गया है। ऐसे आरोपों के साबित होने पर तीन साल की सजा और जुर्माना भी लगाया जा सकता है। धारा 354-B के तहत अगर कोई शख्स किसी महिला को जबरदस्ती कपड़े उतारने पर मजबूर करता है, या फिर उसपर कपड़े उतारने का किसी भी तरह से दबाव बनाता है या फिर जबरदस्ती उसके कपड़े उतारता है तो उसे इस धारा अंतर्गत 5 से लेकर 7 साल तक की सजा हो सकती है। ये धारा नॉन बेलेबल यानी गैर जमानती है।

**अश्लील वीडियो बनाना यौन उत्पीड़न**

354-C के तहत ऐसे केस आते हैं जब किसी महिला का अश्लील वीडियो बनाया जाता है ।इसके अलावा महिला के किसी प्राइवेट काम को पब्लिकली फैलाना भी इस धारा के तहत शामिल किया गया है। लड़की ऐसे आरोपों के खिलाफ शिकायत दर्ज करवा सकती है और दोषी पाए जाने पर आरोपी को 3 साल की सजा का प्रावधान है। 34-D में स्टाकिंग यानी जबरदस्ती लड़की का पीछा करना शामिल है। इसके अलावा लड़की की मर्जी के बिना कोई उससे जबरदस्ती कॉनटेक्ट बनाए रखने की कोशिश करता है तो भी लड़की इस धारा के तहत अपनी शिकायत दर्ज करवा सकती है। इस धारा के तहत केस पर आरोपी को 3 से लेकर 5 साल की सजा मिल सकती है और साथ ही जुर्माना भी लगाया जा सकता है।

# केंद्रीय बजट 2023-24 अमृत काल का, भारत के स्वर्णिम काल का बजट है : सीएम

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में भारत की भूमिका ग्लोबल लीडर की बन गई है। केंद्रीय बजट 2023-24 का बजट मजबूत भारत की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। यह अमृत काल का, भारत के स्वर्णिम काल का बजट है। आज जब अधिकांश देशों की अर्थव्यवस्थाएं लडख़ड़ा रही हैं, ऐसे समय में पूरे विश्व की भारत से बहुत अपेक्षाएं हैं। इसी दिशा में ये बजट है। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री जी का आभार व्यक्त करते हुए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को शानदार बजट प्रस्तुत करने के लिये बधाई दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि बजट में किये गये विभिन्न प्रावधानों और योजनाओं से उत्तराखण्ड को विशेष रूप से लाभ होने जा रहा है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, सीएम कैम्प कार्यालय के मुख्य सेवक सदन में आयोजित प्रेस वार्ता में केंद्रीय बजट 2023-24 पर बोल रहे थे।




मुख्यमंत्री ने कहा कि बजट में 'गरीबों और मध्य वर्ग' का विशेष ध्यान रखा गया है। अब साल में 7 लाख रुपये तक की कमाई करने वालों को इनकम टैक्स नहीं देना होगा। नये आयकर स्लेब से मध्यम वर्ग और नौकरीपेशा वर्ग को बहुत लाभ मिलेगा। प्रधानमंत्री आवास योजना के बजट में बढ़ोतरी से सबको मजबूत छत का स्वप्न पूरा होगा। महिलाओं के लिए नई बचत योजना का ऐलान किया गया है। इस पर 7.5 प्रतिशत सालाना की दर से ब्याज दिया जाएगा। किसानों के लिए यह बजट सौगात लेकर आया है। किसानों को 20 लाख करोड़ तक ऋण बांटने का लक्ष्य रखा है तो मोटे अनाज को बढ़ावा देने के लिए अन्न योजना की शुरुआत की है। एग्रीकल्चर एक्सीलेटर फंड बनाया जाएगा ताकि कृषि क्षेत्र में स्टार्टअप को बढ़ावा दिया जा सके। 'मत्स्य संपदा' की नई उपयोजना में 6000 करोड़ के निवेश का फैसला लिया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कौशल विकास योजना 4.0 की शुरूआत की जाएगी। युवाओं को अंतर्राष्ट्रीय अवसरों के लिए कौशल प्रदान करने के लिए स्किल इंडिया नेशनल सेक्टर खोले जाएंगे। इंफ्रास्ट्रक्चर और निवेश पर सरकार ने 10 लाख करोड़ रुपये खर्च किये जाएंगे। एयरपोट्र्स, हेलिपोट्र्स, वॉटर एयरोड्रॉम्स' और एडवांस्ड लैंडिंग जोन्स का कायाकल्प किया जाएगा। इंफ्रास्ट्रक्चर के जरिए रोजगार सृजन किया जाएगा। जनजातीय समूहों की सामाजिक-आर्थिक स्थिति में सुधार के लिए पीएमपीबीटीजी विकास मिशन शुरू किया जाएगा। शहरों में सफाई कर्मियों के लिए बड़ी घोषणा की गई है। नाले व सीवर के मैनहोल की सफाई अब मशीनों के द्वारा की जाएगी, जिसके चलते अब सफाईकर्मी को मेनहोल में नहीं उतरना होगा। आदिवासी क्षेत्रों में 'एकलव्य विद्यालयों' में 38000 शिक्षकों और सहायक स्टाफ की भर्ती भी की जाएगी। गरीबों को पांच किलो फ्री राशन को एक साल तक के लिए बढ़ा दिया है। मौजूदा 157 मेडिकल कॉलेजों के साथ कोलोकेशन में 157 नए नर्सिंग कॉलेज स्थापित किए जाएंगे। इसके अलावा ग्रामीण इलाके में डिजिटल लाइब्रेरी बनाने की भी घोषणा की है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्रीय बजट में किये गये विभिन्न प्राविधानों से उत्तराखण्ड को विशेष लाभ मिलने जा रहा है। केंद्रीय करों में राज्य का अंश बढ़ गया है। गत वर्ष के सापेक्ष यह लगभग 25 प्रतिशत की वृद्धि है। गत वर्ष केंद्रीय करों में राज्य का अंश लगभग 9130 करोड़ था जो अब लगभग 11428 करोड़ हो जायेगा। राज्यों को 50 वर्ष के लिये दिये जाने वाले ब्याज मुक्त ऋण को एक वर्ष के लिये पुनः विस्तारित किया गया है। प्रदेश के लिये यह महत्वपूर्ण अवसर है।

प्रदेश के लिये कृषि महत्वपूर्ण क्षेत्र है। कृषि के क्षेत्र में ऋण की बढ़ोत्तरियों से मोटा अनाज और स्टार्ट अप को बढ़ावा दिया जायेगा। स्थानीय उत्पादों को प्रोत्साहन और बिक्री के लिये प्रदेश ने यूनिटी माल स्थापित किया जा सकेगा। वित्त मंत्री जी ने अपने भाषण में मिलेट में मडुआ का नाम विशेष रूप से लिया। हमारी सरकार मडुआ के उत्पादन को बढ़ाने में लगातार प्रयास कर रही है। हमारे यहाँ रामदाना का भी उत्पादन किया जाता है। अन्न योजना से इन अनाजों का उत्पादन करने वाले किसानों को फ़ायदा होगा। बजट में 50 नये पर्यटन स्थल विकसित करने की व्यवस्था की गई है। यहाँ समस्त मूलभूत सुविधाएं विकसित की जायेंगी। इससे हमारे प्रदेश में भी नये पर्यटन स्थल विकसित होंगे। स्वदेश दर्शन योजना से देश के प्रथम गाँवों को पर्यटन विकास से जोड़ा जायेगा।

# डीजीपी ने वांछित बदमाशों को जल्द पकडऩे के दिए निर्देश

हल्द्वानी। वांछित और इनामी बदमाशों को पकडऩे में चम्पावत, पिथौरागढ़ जिले के डीडीहाट और ऊधमसिंहनगर के पुलभट्टा थाना ने सबसे अच्छा कार्य किया है। अन्य भी इन थानों से सीख लेकर इनामी वांछितों के खिलाफ कार्रवाई में तेजी लाएं। यह बात सर्किट हाउस में हुई समीक्षा बैठक में डीजीपी अशोक कुमार ने कही। गुरुवार को बैठक में डीजीपी ने कहा कि थानों को अपने क्षेत्र के अंदर इनामी, वांछित बदमाशों को दबोचने का लक्ष्य दिया गया है, लेकिन कई थाने अब भी ऐसे हैं जहां गंभीरता से कार्य नहीं किया जा रहा है। अल्मोड़ा जिले के रानीखेत और ऊधमसिंहनगर के ट्रांजिट कैंप थानाध्यक्षों को पुलिसिंग में सुधार करने की हिदायत दी। उन्होंने आरोपियों की शत-प्रतिशत गिरफ्तारी के लिए ऑपरेशन क्रेकडाउन को एक माह और बढ़ाने के निर्देश दिए। गौरा शक्ति योजना में नियुक्त महिला पुलिस कर्मियों को



मोबाइल और सिम वितरित किए। बैठक में आईजी डॉ. नीलेश आनंद भरणे, एसएसपी नैनीताल पंकज भट्ट, ऊधमसिंहनगर से मंजूनाथ टीसी के अलावा ऑनलाइन अल्मोड़ा से प्रदीप राय, पिथौरागढ़ से लोकेश्वर सिंह, चम्पावत से देवेंद्र पींचा, बागेश्वर से हिमांशु वर्मा आदि शामिल रहे।

# मुख्यमंत्री राहत कोष में वेंकटेश्वरा मेडिकल कॉलेज एवं यूनिवर्सिटी ने 25 लाख दिए

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मुख्यमंत्री आवास स्थित कैंप कार्यालय में वेंकटेश्वरा मेडिकल कॉलेज एवं यूनिवर्सिटी गजरौला-मेरठ के चेयरमैन एवं चांसलर डॉ. सुधीर गिरी ने भेंट की। उन्होंने भू-धंसाव से प्रभावित हुए जोशीमठ के लोगों की मदद के लिये 25 लाख की धनराशि का चेक मुख्यमंत्री को सौंपा। मुख्यमंत्री ने कहा कि भू-धंसाव से प्रभावित लोगों की मदद राज्य सरकार द्वारा प्राथमिकता से की जा रही है। उन्होंने सभी से पीड़ितों की मदद में सहयोगी बनने की अपेक्षा करते हुए पीड़ितों की मदद को सबसे बड़ी मानव सेवा बताया है।



# एयरपोर्ट विस्तारीकरण, एम्स और अन्य योजनाओं की प्रगति जानी



रुद्रपुर। केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट के दिल्ली कार्यालय से आए प्रतिनिधियों मेजर विजय राणा व दीपक पंत ने जनपद में संचालित एवं प्रस्तावित बड़े कार्यों की विकास भवन सभागार में समीक्षा की। उन्होंने पंतनगर एयरपोर्ट विस्तारीकरण, किच्छा में एम्स के सैटेलाइट सेंटर की स्थापना, रुद्रपुर और सितारगंज में केंद्रीय विद्यालय खोलने के लिए किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली। समीक्षा के दौरान प्रतिनिधियों ने कहा कि जिले में चल रहे विकास कार्यों एवं प्रस्तावित विकास कार्यों की अद्यतन स्थिति की रिपोर्ट पीएमओ को भेजी जाएगी। कहा कि प्रस्तावित योजनाओं को शीघ्रता से मूर्तरूप देने के लिए आपसी समन्वय से कार्य करते रहें। योजनाओं के संबंध में किसी भी स्तर पर कोई समस्या हो तो उसके बारे में प्राथमिकता से अवगत कराएं, ताकि समस्या का शीघ्रता से समाधान कराया जा सके। उन्होंने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को रुद्रपुर और सितारगंज में केंद्रीय विद्यालय खोलने के लिए प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

इस दौरान सीडीओ विशाल मिश्रा ने जिले में संचालित और प्रस्तावित विकास कार्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। बैठक में एसडीएम कौस्तुभ मिश्रा, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी नफील जमील, मुख्य कृषि अधिकारी एके वर्मा, जिला शिक्षा अधिकारी बेसिक एके सिंह, जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी उमा शंकर नेगी, जीएम डीआईसी उत्तम कुमार तिवारी आदि मौजूद रहे।

# मुख्य सचिव ने की प्रदेश के युवाओं को विदेश में प्लेसमेंट के ट्रेनिंग के सम्बन्ध में कौशल विकास विभाग के साथ बैठक

देहरादून। मुख्य सचिव डॉ. एस. एस. संधु ने गुरुवार को सचिवालय स्थित अपने सभागार में प्रदेश के युवाओं को विदेश में प्लेसमेंट के ट्रेनिंग के सम्बन्ध में कौशल विकास विभाग के साथ बैठक की। इस अवसर पर मुख्य सचिव ने कहा कि प्रदेश के युवाओं को विभिन्न प्रकार के ऐसे ट्रेड्स में प्रशिक्षण प्रदान किए जाने की आवश्यकता है, जिसमें निपुण होने के बाद युवा राज्य ही नहीं बल्कि देश - विदेश में नौकरी पाने के काबिल हो सके।



मुख्य सचिव ने कहा कि प्रदेश में योग, नर्सिंग और हॉस्पिटैलिटी के क्षेत्र में प्रशिक्षित युवाओं की बहुत अधिक संख्या है। यह ऐसा क्षेत्र है जहां प्रदेश में पहले से ही प्रशिक्षित युवा हैं। उन्होंने कहा कि अपने युवाओं को सिर्फ प्रदेश ही नहीं बल्कि देश और विदेश में भी प्रशिक्षण के बाद प्लेसमेंट दिलाए जाने हेतु योजना तैयार की जाए। उन्होंने कहा कि जापान और जर्मनी आदि देशों में योग प्रशिक्षकों, हॉस्पिटैलिटी, नर्सिंग केयर, बुजुर्गों की देखभाल आदि के क्षेत्र में प्रशिक्षित लोगों की बहुत अधिक मांग रहती है। उन्होंने कहा कि विदेशों में कार्य करने के इच्छुक युवाओं को इस सम्बन्ध में प्रशिक्षण आदि उपलब्ध कराकर देश विदेश में प्लेसमेंट की दिशा में बहुत तेजी से काम किए जाने की आवश्यकता है।

मुख्य सचिव ने प्रदेश में दून विश्वविद्यालय सहित अन्य विदेशी भाषाओं को सिखाने वाले संस्थानों को इस दिशा में सरकार के साथ कार्य करने बात कही। उन्होंने युवाओं को प्रशिक्षण के लिए होने वाले खर्च पर इंटरेस्ट सब्वेंशन दिए जाने की भी बात कही। उन्होंने कहा कि इसके लिए एक ट्रेनिंग मॉड्यूल तैयार किया जाए। मुख्य सचिव ने सचिव कौशल विकास को विदेशों में रोजगार के अवसर और सुविधा प्रदान किए जाने के लिए राज्य के युवाओं की श्रेष्ठतम वर्कफोर्स तैयार करने की दिशा में कार्य किए जाने निर्देश दिए।

सचिव कौशल विकास विजय कुमार यादव ने बताया कि विदेशों में विशेषकर जापान में योग प्रशिक्षकों, बुजुर्गों की देखभाल, नर्सिंग, हॉस्पिटैलिटी आदि के क्षेत्र में बहुत अधिक मांग है। जापान में इसके तहत स्पेसिफाइड स्किल्ड वर्कर्स की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि इस दिशा में प्रयास किए जा रहे हैं कि उत्तराखंड के युवाओं को विदेशों में रोजगार के अवसर प्राप्त हों। विदेशों में योग प्रशिक्षकों और नर्सिंग केयर की अत्यधिक मांग को देखते हुए इस पर फोकस किया जा रहा है। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव आनन्द बद्र्धन, सचिव कौशल विकास विजय कुमार यादव, अपर सचिव नियोजन रोहित मीणा सहित अन्य उच्चाधिकारी उपस्थित थे।

# अजब गजब - इस मंदिर में कुत्तों का होता है नामकरण


**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

ब्यूरो रिपोर्ट , 3 फ़रवरी , भारत में ऐसे कई मंदिर हैं जिनके बारे में जानने के बाद आप सोच में पड़ जाएंगे कि लोगों में आखिर कैसी-कैसी मान्यताएं हैं. भारत के दक्षिण प्रान्तों में अगर एक्सप्लोर किया जाए तो कई ऐसी मान्यताएं और रीति-रिवाज हैं जिसके बारे में हर किसी को नहीं जानकारी है. चलिए आज हम आपको केरल के एक अनोखे स्थान पर ले चलते हैं जहां की प्रथा के बारे में जानकर आप भी थोड़े हैरान रह जाएंगे. मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, केरल के कन्नूर जिले में एक ऐसा मंदिर हैं जहां पर लोग अपने कुत्तों को लेकर आते हैं और उसका नामकरण करते हैं. इस बारे में जानकर हजारों लोग सोच में पड़ गए, लेकिन यह प्रथा बिल्कुल सही है.

**भारत के इस राज्य में मौजूद है मुथप्पन मंदिर**

कन्नूर के तालीपरम्बा से करीब 10 किलोमीटर की दूरी पर वलपत्तनम नदी है, जिसके किनारे पर एक मंदिर है. यहां के स्थानीय लोग बताते हैं कि इस मंदिर का नाम मुथप्पन मंदिर (Muthappan Temple) हैं. ऐसा कहा जाता है कि यहां पर लोग दूर-दराज इलाके से अपने पालतू कुत्तों को लेकर आते हैं और फिर यहां पर नामकरण किया जाता है. जानकारी के मुताबिक, यहां





तिरुवप्पन वेल्लट्टम परंपरा के दौरान कुत्तों को नामकरण होता है. इस बारे में अधिक जानकारी यहां के मंदिर प्रशासन के एक अधिकारी ने दी. उन्होंने कहा कि यहां पर कुत्तों के नामकरण समारोह आयोजित होता है. इसके लिए न तो कोई फीस लगती है और न ही रसीद की जरूरत पड़ती है.

तिरुवप्पन वेल्लट्टम परंपरा के वक्त कोई भी इस मंदिर में अपने पालतू कुत्ते को ला सकता है और यहां पर उनका आशीर्वाद ग्रहण कर सकता है. स्थानीय लोग बताते हैं कि यहां पर वीकेंड यानी शनिवार और रविवार को काफी भीड़ देखने को मिलती है. यहां के पुजारी मुथप्पन तेय्यम कहलाते हैं और नामकरण के दौरान वह कुत्ते के कान में कुछ फुसफुसाते हैं और फिर आखिर में उसे प्रसाद खिलाते हैं. ऐसा करने के बाद तेय्यम पालतू जानवर को उनके मालिक को सौंप देते हैं.... आपकी जानकारी के लिए बता दें कि मुथप्पन गरीबों और मेहनतकश जनता के भगवान माने जाते हैं. भगवान मुथप्पन को ताड़ी और भुनी हुई मछली चढ़ाई जाती है. लोग उन्हें इसी का भोग लगाते हैं. सबसे खास बात तो यह है कि कुत्तों को मुथप्पन का साथी माना जाता है. यही वजह है कि इस मंदिर में कुत्ते भी पूजनीय हैं. स्थानीय लोग भगवान मुथप्पन को धर्मनिरपेक्ष देवता मानते हैं.

# AI प्रोजेक्ट ! यात्रियों को दिलाएगा लंबी वेटिंग लिस्ट से राहत


**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

ब्यूरो रिपोर्ट , 3 फरवरी , भारतीय रेलवे ने टिकटों के लिए वेटिंग लिस्ट को ठीक करने के लिए एक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) कार्यक्रम का परीक्षण पूरा कर लिया है। एआई संचालित कार्यक्रम ने पहली बार 200 से अधिक ट्रेनों में खाली बर्थ इस तरह से आवंटित की है कि कम लोगों को बिना कन्फर्म टिकट के वापस लौटना पड़ा। परिणामस्वरूप इन ट्रेनों की वेटिंग लिस्ट में कमी देखी गई है ।यह परियोजना पिछले दो वर्षों से काम पर है, जिसमें एआई को पिछले कुछ वर्षों के टिकट बुकिंग डेटा और रुझानों को सिखाया गया है, जिससे सही टिकट कॉम्बिनेशन बन जाए और वेटिंग लिस्ट कम रहे।



**आइडिया ट्रेन प्रोफाइल**

रेलवे के इन-हाउस सॉफ्टवेयर आर्म सेंटर फॉर रेलवे इंफॉर्मेशन सिस्टम्स (CRIS) द्वारा AI मॉड्यूल बनाया गया है और इसे आइडियल ट्रेन प्रोफाइल कहा जाता है। AI को इस तरह की जानकारी दी गई थी कि कैसे लाखों यात्रियों ने इन ट्रेनों में टिकट बुक किए, कौन से मूल-गंतव्य जोड़े हिट थे और जो वर्ष के किस समय फ्लॉप रहे, यात्रा के किस हिस्से के लिए कौन सी सीटें खाली रहीं आदि।"



वर्तमान में यात्री को वेटिंग लिस्ट वाला टिकट दिया जाता है और प्रस्थान से चार घंटे पहले तक प्रतीक्षा करने के लिए कहा जाता है। ऐसा इसलिए है क्योंकि ट्रेन के मार्गों के विभिन्न कोटा और विभिन्न मूल-गंतव्य संयोजनों के लिए बड़ी संख्या में बर्थ निर्धारित की जाती हैं। लेकिन वास्तव में पूरा उपयोग नहीं किया जाता है, तो असल तस्वीर चार्ट बनने के बाद ही साफ होती है।अगर लंबी दूरी की ट्रेन में 60 पड़ाव हैं, तो मूल और गंतव्य के 1,800 संभावित टिकट कॉम्बिनेशन हैं। यदि 10 पड़ाव हैं, तो आमतौर पर लगभग 45 टिकट संयोजन कॉम्बिनेशन होते हैं। अधिकारियों का कहना है कि भारतीय रेलवे में संभावित टिकट कॉम्बिनेशन करीब एक अरब है। रात में सोने वालों में समस्या सबसे स्पष्ट है, जैसे लखनऊ मेल, जहां ज्यादातर लोग दिल्ली और लखनऊ के बीच यात्रा करने के लिए ट्रेन लेते हैं। कई ठहराव वाली लंबी दूरी की अन्य ट्रेनों को भी इस चुनौती का सामना करना पड़ता है।

# UKSSSC परीक्षा घोटाले मे जमानत पाए अभियुक्तों के खिलाफ कोर्ट जाएगी एसटीएफ




**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून , 3 फ़रवरी , मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा दिए गए निर्देशों के क्रम में UKSSSC परीक्षा घोटाले से सम्बन्धित प्रकरणो मे जमानत हुये अभियुक्तो की जमानत निरस्त कराने हेतु एसटीएफ उच्च न्यायालय में अपील करेगी।

आपको बता दें कि ग्राम पंचायत विकास अधिकारी भर्ती परीक्षा वर्ष 2016 में हुई धाधंली के संबंध में सर्तकता अधिष्ठान सैक्टर देहरादून में पंजीकृत मु0अ0सं0 संख्या-1/2020 धारा 420, 465, 467, 468, 471, 409, 201, 120 बी, भा0द0वि एवं धारा 13(1)डी सपठित धारा 13(2) भ्र0नि0अधि0 जिसकी विवेचना उत्तराखण्ड शासन के आदेश से वर्तमान में एसटीएफ उत्तराखण्ड द्वारा की जा रही है। इस अभियोग में अभियोजन पक्ष की प्रभावी पैरवी के बावजूद भी अभियुक्त हाकम सिंह एवं संजीव चौहान की जमानत अपर जिला एवं सत्र न्यायालय (Anti Corruption) देहरादून द्वारा दिनांक 30-01-2023 को स्वीकृत की गयी है। उल्लेखनीय है कि अन्य पंजीकृत अभियोगों में जमानत निरस्त होने के कारण अभियुक्त जेल में ही रहेंगे।

# डीएम ने किया रसैपाटा-बुंगाछीना मोटरमार्ग का स्थलीय निरीक्षण

पिथौरागढ़। जिलाधिकारी रीना जोशी ने रसैपाटा-बुंगाछीना मोटरमार्ग का स्थलीय निरीक्षण किया। रोड़ कटिंग कार्य में लापरवाही करने और मलबा डंपिंग जोन में न डालने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी प्रकट की। उन्होंने गुरुवार को लोगों की शिकायत के बाद सडक़ का निरीक्षण किया।

अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग एमसी तिवारी को निर्देश दिये कि ग्रामीणों के जो खेत मलबे में दबकर बर्बाद हो गये हैं उनका मुआवजा ग्रामीणों को दिया जाए। क्षतिग्रस्त पेयजल लाइनों, टैंकों एवं स्रोतों को तत्काल ठीक करवाने के भी आदेश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि रोड कटिंग के दौरान निकल रहे मलबे को डंपिंग जोन में ही डंप किया जाए। जिलाधिकारी ने ग्रामीणों से भी डंपिंग जोन के लिए भूमि देने को कहा।

इस दौरान ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि रोड कटिंग के मलबे से ग्राम मुसगल के 8 से 10 परिवारों के खेत मलबे में दबकर बर्बाद हो गए हैं। पेयजल स्रोतों के मलबे में दबने से ग्राम मोडी, गुबरोली, रिगाड़ा, साराढंगा एवं खोली के ग्रामीणों के सामने पेयजल संकट उत्पन्न हो गया है।

# अहमदाबाद में शुभमन-शो, भारत ने सीरीज जीती



अहमदाबाद (एजेंसी)। प्रतिभावान सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल (126 नाबाद) के तूफानी शतक और कप्तान हार्दिक पांड्या (30 रन, चार विकेट) के हरफनमौला प्रदर्शन के दम पर भारत ने तीसरे और निर्णायक टी20 मुकाबले में न्यूजीलैंड को 168 रन से रौंदकर की श्रृंखला 2-1 से जीत ली।

भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए न्यूजीलैंड के सामने 235 रन का विशालकाय लक्ष्य रखा, जिसके जवाब में कीवी टीम 66 रन पर सिमट गयी। गिल ने अपने टी20 अंतरराष्ट्रीय करियर का पहला शतक जड़ते हुए नाबाद 126 रन बनाये। उन्होंने अपनी आतिशी पारी में 12 चौके और सात छक्के जड़े। यह टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में किसी भारतीय बल्लेबाज द्वारा बनाया गया सबसे बड़ा स्कोर है।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी न्यूजीलैंड ने सिर्फ पांच रन पर तीन विकेट गंवा दिये और इसके बाद टीम कभी नहीं उभर सकी। बल्ले से 30 रन का योगदान देने वाले कप्तान पांड्या ने अपने चार ओवर के कोटे में सिर्फ 16 रन देकर चार विकेट चटकाये। इसके अलावा शिवम मावी, अर्शदीप सिंह और उमरान मलिक ने दो-दो सफलतायें हासिल कीं।

भारत ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए ईशान किशन का विकेट जल्दी गंवा दिया, लेकिन इसके बाद गिल और राहुल त्रिपाठी ने कीवी गेंदबाजों पर आक्रमण शुरू किया। गिल-त्रिपाठी ने दूसरे विकेट के लिये सिर्फ 42 गेंद पर 80 रन जोडक़र भारत को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया। त्रिपाठी ने चार चौकों और तीन छक्कों के साथ 44 रन बनाये, हालांकि वह अपनी निस्वार्थ पारी की 22वीं गेंद पर छक्का लगाने के प्रयास में बाउंड्री पर कैच आउट हो गये।

उपकप्तान सूर्यकुमार यादव (13 गेंद, 24 रन) भी अपनी प्रतिष्ठा के हिसाब से कम ही रन बना सके। न्यूजीलैंड ने दो विकेट जल्दी गिराकर चैन की सांस ली ही थी कि गिल ने विस्फोट शुरू कर दिया।

गिल ने 16वें ओवर में बेन लिस्टर को दो छक्के जडक़र पारी की रफ्तार बदली और दो ओवर बाद चौका लगाकर अपना पहला टी20 शतक पूरा किया।

गिल ने 63 गेंद पर 12 चौकों और सात गगनचुंबी छक्कों के साथ 126 रन बनाये। कप्तान पांड्या ने 17 गेंद पर चार चौकों और एक छक्के के साथ 30 रन की पारी खेली और गिल के साथ चौथे विकेट के लिये 39 गेंद पर 103 रन की शतकीय साझेदारी की।

न्यूजीलैंड ने आखिरी ओवर में पांड्या का विकेट लेते हुए सिर्फ छह रन दिये, लेकिन गिल के तूफान की बदौलत भारत आखिरी पांच ओवर में 79 रन जोडक़र 234/4 का स्कोर खड़ा करने में सफल रहा।

न्यूजीलैंड के ऊपर बड़े लक्ष्य का दबाव था, और भारतीय गेंदबाजों की कसी हुई गेंदबाजी के कारण वह टी20 अंतरराष्ट्रीय में अपने तीसरे सबसे छोटे स्कोर पर सिमट गयी। कप्तान पांड्या ने पहले ही ओवर में फिन ऐलन को स्लिप में कैच आउट करवा दिया, जबकि अर्शदीप सिंह ने दूसरे ओवर में डेवन कॉनवे और मार्क चैपमैन का शिकार किया।

पांड्या भी दूसरे छोर से रुके नहीं और अपने दूसरे ओवर में ग्लेन फिलिप्स को भी स्लिप में खड़े सूर्यकुमार के हाथों कैचआउट करवा दिया। न्यूजीलैंड इन झटकों से संभली ही थी कि तभी उमरान मलिक ने माइकल ब्रेसवेल को अपनी तेज रफ्तार गेंद पर बोल्ड किया और न्यूजीलैंड की आधी टीम पवेलियन लौट गयी।

भारतीय गेंदबाजों के कातिलाना प्रदर्शन के बीच हालांकि डैरिल मिचेल ने कुछ अच्छे शॉट खेलते हुए संघर्ष किया। मिचेल ने अपनी जुझारू पारी में 25 गेंदें खेलकर एक चौके और तीन छक्कों के साथ 35 रन बनाये, हालांकि उन्हें किसी का साथ नहीं मिला।

मैच के 13वें ओवर में वह उमरान की गेंद पर मावी को कैच थमा दिया और कीवी टीम 66 रन के स्कोर पर सिमट गयी।

भारत ने न्यूजीलैंड को 168 रन से रौंदा जो दो आईसीसी पूर्ण सदस्यों के बीच खेले गये टी20 मैच में जीत का सबसे बड़ा अंतर है। न्यूजीलैंड (66) ने भी टी20 अंतरराष्ट्रीय में अपना तीसरा सबसे छोटा स्कोर बनाया है।, जबकि उन्होंने अपना सबसे छोटा स्कोर 2014 में श्रीलंका के खिलाफ बनाया था। यह खेल के सबसे छोटे प्रारूप में भारत के विरुद्ध किसी टीम द्वारा बनाया गया सबसे छोटा स्कोर भी है।

# भारत के इस स्टार खिलाड़ी का 81 साल की उम्र में निधन, खेल जगत में शोक की लहर



कोलकाता (एजेंसी)। भारत के पूर्व फुटबॉलर परिमल डे का लंबी बीमारी के बाद बुधवार को यहां 81 साल की उम्र में निधन हो गया। उनके निधन से खेल जगत में शोक की लहर दौड़ गई है। 4 मई, 1941 को जन्मे डे को 2019 में पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा बंग भूषण की उपाधि से सम्मानित किया गया था। 1960 के दशक में डे ने भारत के लिए शानदान प्रदर्शन किए। उन्होंने कुआलालंपुर में 1966 मर्डेका कप में कोरिया गणराज्य के खिलाफ मैच का एक मात्र गोलकर भारत को कांस्य पदक दिलाया।

घरेलू स्तर पर उन्होंने अपनी टीम को 1962, 1969 में दो बार संतोष ट्रॉफी जिताने का गौरव प्राप्त हुआ। पूर्वी बंगाल के लिए फारवर्ड के रूप में खेलते हुए उन्होंने 84 गोल किए और 1968 में क्लब की कप्तानी भी की। डे ने 1966, 1970 और 1973 में तीन बार कलकत्ता फुटबॉल लीग और आईएफए शील्ड जीतने का गौरव हासिल किया और बीएनआर (1966) और ईरानी पक्ष पीएएस क्लब (1970) के खिलाफ आईएफए शील्ड फाइनल में गोल कर भारतीय फुटबॉल लोककथाओं में अपना नाम दर्ज कराया।

1966 का सीएफएल डे के लिए एक बड़ा टूर्नामेंट था क्योंकि उन्होंने पहले नौ मैचों में से प्रत्येक में गोल किया था।

इनके अलावा, उन्होंने डूरंड कप (1967, 1970), रोवर्स कप (1967, 1969, 1973) में भी अपनी टीम को जिताया। डे 1971 में मोहन बागान के लिए भी खेले और उस साल फिर से अपनी टीम को रोवर्स कप जिताया।

अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने डे के निधन पर शोक व्यक्त किया। एआईएफएफ के अध्यक्ष कल्याण चौबे ने कहा, भारत के पूर्व स्टार परिमल डे का निधन भारतीय फुटबॉल के लिए एक बड़ी क्षति है। 1960 के दशक के सर्वश्रेष्ठ योजनाकारों में से एक थे और आज तक प्रशंसकों के दिलों और दिमाग में बने हुए हैं।

एआईएफएफ के महासचिव शाजी प्रभाकरन ने कहा, परिमल डे के निधन से पूरी भारतीय फुटबॉल बिरादरी बेहद सदमे में है। उनके परिवार के प्रति मेरी संवेदना है। उनकी आत्मा को शांति मिले।

## अय्यर बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के पहले टेस्ट से बाहर

मुंबई (एजेंसी)। भारतीय मध्यक्रम के बल्लेबाज श्रेयस अय्यर कमर की चोट से न उभर पाने के कारण ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ नौ फरवरी से होने वाली बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के पहले टेस्ट से बाहर हो गये हैं। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सूत्रों के हवाले से यह जानकारी दी। बंगलादेश में दिसंबर में खेली गयी टेस्ट सीरीज के बाद अय्यर की कमर में सूजन होने के कारण उन्हें इंजेक्शन दिया गया था। चोट पूरी तरह ठीक न होने के कारण अय्यर को न्यूजीलैंड एकदिवसीय श्रृंखला से बाहर रहना पड़ा और वह रिहैब के लिये बेंगलुरु की राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) गये थे। अय्यर को नौ फरवरी से शुरू होने वाली टेस्ट सीरीज के लिये बेंगलुरु से नागपुर रवाना होना था, लेकिन सूत्रों के अनुसार उन्हें एनसीए ने पूरी तरह फिट घोषित नहीं किया और रिहैब बढ़ाने की सलाह दी है। अय्यर का रिहैब सावधानी बरतते हुए बढ़ाया गया है और उनकी समस्या गंभीर नहीं है। वह 17 फरवरी से दिल्ली में शुरू होने वाले दूसरे टेस्ट के लिये टीम के साथ जुड़ सकते हैं। अय्यर की गैरमौजूदगी में शुभमन गिल या लोकेश राहुल मध्यक्रम में उनकी जगह ले सकते हैं। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले टेस्ट के लिये भारतीय टीम : रोहित शर्मा (कप्तान), लोकेश राहुल (उपकप्तान), शुभमन गिल, चेतेश्वर पुजारा, विराट कोहली, श्रीकर भरत (विकेटकीपर), ईशान किशन (विकेटकीपर), रविचंद्रन अश्विन, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, रवींद्र जडेजा, मोहम्मद शमी, मोहम्मद सिराज, उमेश यादव, जयदेव उनादकट, सूर्यकुमार यादव।

## कभी-कभी हार मानने का भी दिल हुआ : शाहीन

लाहौर (एजेंसी)। पाकिस्तान के तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी ने करीब तीन महीने बाद क्रिकेट के मैदान पर वापसी करने से पहले कहा कि कभी-कभी उनका दिल हार मानने को होता था, लेकिन यूट्यूब पर अपनी गेंदबाजी के वीडियो देखकर उन्हें प्रयास करते रहने की प्रेरणा मिली। अफरीदी ने पीसीबी डिजिटल के साथ बातचीत में कहा, कई बार ऐसा भी होता था कि मैं हार मान लेना चाहता था। मैं सिर्फ एक मांसपेशी पर काम कर रहा था और वह बेहतर नहीं हो रही थी। कई बार रिहैब सत्रों के दौरान मैं खुद से कहता था, 'अब बहुत हो गया, मैं और नहीं कर सकता'। उन्होंने कहा, लेकिन फिर मैं यूट्यूब पर अपनी गेंदबाजी की वीडियो देखा करता था कि मैं कितनी अच्छी तरह इसे अंजाम देता था। इससे मुझे प्रेरणा मिली और मैंने खुद से हार न मानने के लिये कहा। एक तेज गेंदबाज होने के नाते क्रिकेट से दूर रहना बहुत निराश करने वाला होता है। शाहीन के क्रिकेट से दूर रहने के सिलसिले की शुरुआत जुलाई 2022 में हुई थी जब वह श्रीलंका के खिलाफ गाले टेस्ट में अपने घुटने के बल गिर गये थे। इस चोट के कारण शाहीन करीब तीन महीने क्रिकेट नहीं खेल सके और उन्हें एशिया कप एवं इंग्लैंड के खिलाफ हुई घरेलू टी20 सीरीज जैसे महत्वपूर्ण अभियानों से बाहर रहना पड़ा।

# गौतम अडानी का बड़ा फैसला, रद्द किया 20000 करोड़ का एफपीओ, निवेशकों का पैसा करेंगे वापस

नई दिल्ली (एजेंसी)। अडानी समूह ने अपने एफपीओ को लेकर बड़ा फैसला किया है। अडानी एंटरप्राइजेज ने कहा कि वो 20 हजार करोड़ रुपये के एफपीओ को रद्द कर रहे है। वहीं निवेशकों को पैसा लौटाने की बात भी कही है। अब इस एलान को लेकर गौतम अदाणी खुद वीडियो संदेश में दिखाई दिए हैं। गौतम अदाणी ने अपने बयान में कहा है कि पूरी तरह से सब्सक्राइब्ड एफपीओ के बाद कल इसे वापस लेने के फैसले ने कई लोगों को चौंका दिया होगा। लेकिन कल देखे गए बाजार के उतार-चढ़ाव को देखते हुए बोर्ड ने दृढ़ता से महसूस किया कि एफपीओ के साथ आगे बढना नैतिक रूप से सही नहीं होगा।

उन्होंने आगे कहा, उद्यमी के रूप में 4 दशकों से अधिक की मेरी विनम्र यात्रा में मुझे सभी हितधारकों विशेष रूप से निवेशक समुदाय से भारी समर्थन प्राप्त करने का सौभाग्य मिला है। मेरे लिए यह स्वीकार करना महत्वपूर्ण है कि मैंने जीवन में जो कुछ भी थोड़ा बहुत हासिल किया है, वह उनके विश्वास और भरोसे के कारण है। मैं अपनी सारी सफलता का श्रेय उन्हीं को देता हूं।

गौतम अदाणी ने कहा, मेरे लिए मेरे निवेशकों का हित सर्वोपरि है और सब कुछ गौण है। इसलिए निवेशकों को संभावित नुकसान से बचाने के लिए हमने एफपीओ वापस ले लिया है। इस निर्णय का हमारे मौजूदा परिचालनों और भविष्य की योजनाओं पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। हम परियोजनाओं के समय पर क्रियान्वयन और डिलीवरी पर ध्यान देना जारी रखेंगे।

हमारी कंपनी के फंडामेंटल मजबूत हैं। हमारी बैलेंस शीट मजबूत है और संपत्ति मजबूत है। हमारा एबिट्डा स्तर और नकदी प्रवाह बहुत मजबूत रहा है और हमारे पास अपने ऋण दायित्वों को पूरा करने का एक त्रुटिहीन ट्रैक रिकॉर्ड है। हम दीर्घकालिक मूल्य निर्माण पर ध्यान केंद्रित करना जारी रखेंगे और विकास आंतरिक संसाधनों द्वारा प्रबंधित किया जाएगा। बाजार में स्थिरता आने के बाद हम अपनी पूंजी बाजार रणनीति की समीक्षा करेंगे।

उन्होंने आगे कहा, हमारा ईएसजी पर खासा फोकस है और हमारा हर बिजनेस जिम्मेदार तरीके से वैल्यू क्रिएट करता रहेगा। हमारे शासन के सिद्धांतों का सबसे मजबूत सत्यापन, कई अंतरराष्ट्रीय साझेदारियों से आता है, जिन्हें हमने अपनी विभिन्न संस्थाओं में बनाया है। उन्होंने कहा, मैं इस अवसर पर एफपीओ को बेधडक़ समर्थन देने के लिए देश के भीतर और बाहर के हमारे निवेश बैंकरों, संस्थागत निवेशकों और शेयरधारकों को धन्यवाद देता हूं। पिछले सप्ताह स्टॉक में उतार-चढ़ाव के बावजूद, कंपनी, इसके व्यवसाय और इसके प्रबंधन में आपका विश्वास और विश्वास हम सभी के लिए बेहद आश्वस्त और विनम्र रहा है। हमें पूरा विश्वास है कि भविष्य में भी हमें सहयोग मिलता रहेगा।

गौर हो कि जिस एफपीओ को अदाणी की तरफ से वापस लिया गया है कि उसे मंगलवार तक पूरी तरह सब्सक्राइब कर लिया गया था। इसके बावजूद इसे वापस लेने और निवेशकों को पैसा लौटाने की एक वजह हिंडनबर्ग की वह रिपोर्ट मानी जा रही है, जिसकी वजह से अदाणी ग्रुप की कई कंपनियों के शेयरों में भारी गिरावट देखी गई।

शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, अदाणी एंटरप्राइजेज के एफपीओ के तहत 4.55 करोड़ शेयरों की पेशकश की गई थी, जबकि इसपर 4.62 करोड़ शेयरों के लिए आवेदन मिले थे। यानी पेशकश से 1.12 फीसदी ज्यादा आवेदन। गैर संस्थागत निवेशकों के लिए आरक्षित 96.16 लाख शेयरों पर करीब तीन गुना बोलियां मिली थीं। वहीं पात्र संस्थागत खरीदारों के खंड के 1.28 करोड़ शेयरों पर पूर्ण अभिदान मिला था। हालांकि, एफपीओ को लेकर खुदरा निवेशकों और कंपनी के कर्मचारियों की प्रतिक्रिया ठंडी रही थी।

# दुनिया के सबसे बड़े कैमरा कलेक्शन रखने वाले दिलीश पारेख का मुंबई में हुआ निधन

मुंबई (एजेंसी)। एंटीक कैमरों और फोटोग्राफिक उपकरणों के सबसे बड़े कलेक्शन के दो विश्व रिकॉर्ड रखने वाले फोटोग्राफर दिलीश पारेख का बीती देर रात मुंबई में निधन हो गया। वह 69 वर्ष के थे। उन्होंने अपने मुंबई स्थित आवास पर अंतिम सांस ली। पारेख के परिवार में उनकी पत्नी बिनीता, बेटे जय और हर्ष हैं।



अपने शुरूआती करियर में एक स्वतंत्र फोटोग्राफर पारेख ने 2,634 एंटीक कैमरों के अपने कलेक्शन के लिए गिनीज वल्ड रिकॉर्डस (2003) में जगह बनाई थी और जीडब्ल्यूआर प्रमाणपत्र के साथ अपने ही रिकॉर्ड को तोड़ दिया था, जिसमें उन्हें 4,425 कैमरे (2013) के लिए सम्मान से नवाजा गया था।

उन्होंने 1977 में अपना करियर शुरू किया था, जिसके बाद उन्होंने दुनिया भर के विभिन्न निमार्ताओं से अलग-अलग शेप और साइज के कैमरों को इक_ा करना शुरु कर दिया था।

पारेख के शानदार कलेक्शन में लीका, रॉलिफ्लेक्सेस, जीस, लिनोफ, कैनन, निकॉन, कोडक शामिल हैं। इनमें 1934 में निर्मित लीका 250 भी शामिल है, जो एक दुर्लभ चीज है। यह जर्मन कंपनी द्वारा निर्मित था।

कलेक्शन में 1962 में जर्मन कंपनी द्वारा निर्मित बेसा 2 भी शामिल है। इसके अलावा, टेसिना एल, जिसे दुनिया का सबसे नन्हा और सबसे हल्का 35 मिमी कैमरा कहा जाता है, जिसका वजन सिर्फ 155 ग्राम है। यह 1959 का एक ट्विन-लेंस रिफ्लेक्स कैमरा है। इसे कोंकावा, स्विट्जरलैंड द्वारा निर्मित किया गया था, भी शामिल है। अपने पिता द्वारा 600 कैमरों के क्लेक्शन को विरासत में देने के बाद पारेख फोटोग्राफी उपकरणों की ओर आकर्षित हुए। उन्होंने अपना कलेक्शन लॉन्च किया और इसे लगभग 4,500 तक बढ़ाया।

उनके कलेक्शन की अन्य रोचक चीजों में 1907 का लेदर बाउंड रॉयल मेल पोस्टेज स्टैम्प कैमरा था, जो एक समय में 15 स्टैम्प साइड के पिक्चर्स खींच सकता था।

हालांकि, दुनिया भर के बड़े-बड़े लोगों ने पारेख के कलेक्शन को खरीदने के लिए ऊंची बोली लगायी, लेकिन उन्होंने कभी भी अपने कलेक्शन में से एक भी कैमरे नहीं बेचा।

# आरएसएस के महासचिव बोले, संघ न तो दक्षिणपंथी है, न ही वामपंथी

जयपुर (एजेंसी)। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरकार्यवाह (महासचिव) दत्तात्रेय होसबोले ने बुधवार को कहा कि संगठन के कार्यकर्ता 'राष्ट्रवादी' हैं, 'न दक्षिणपंथी हैं और न वामपंथी'। एकात्म मानवदर्शन अनुसंधान एवं विकास प्रतिष्ठान द्वारा बुधवार को आयोजित 'राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ : काल, आज और कल' विषय पर दीनदयाल स्मारक व्याख्यान में होसबोले ने कहा, हम न तो दक्षिणपंथी हैं और न ही वामपंथी। हम राष्ट्रवादी हैं। संघ केवल राष्ट्र के हित में काम कर रहा है।

होसबोले ने कहा कि भारत में रहने वाले सभी लोग हिंदू हैं, क्योंकि उनके पूर्वज हिंदू थे। उनकी पूजा का तरीका अलग हो सकता है, लेकिन उन सभी का डीएनए एक ही है।

उन्होंने आगे कहा, संघ केवल शाखा लगाएगा, लेकिन संघ के स्वयंसेवक सभी काम करेंगे। सभी के सामूहिक प्रयास से ही भारत विश्व गुरु बनकर विश्व का नेतृत्व करेगा। संघ सभी को मानता है, भारत के धर्म और संप्रदाय एक हैं।

उन्होंने कहा, लोग अपने पंथ की बातों को रखते हुए संघ कार्य कर सकते हैं। संघ कठोर नहीं, बल्कि लचीला है। संघ को समझने के लिए हृदय की आवश्यकता नहीं है। केवल मन काम नहीं करता। हृदय और मन को बनाना संघ का कार्य है। जानिए, जीवन क्या है और जीवन का लक्ष्य क्या है।

आरएसएस महासचिव ने कहा कि संविधान अच्छा है और उसे चलाने वाले खराब हैं तो संविधान भी कुछ नहीं कर सकता।

उन्होंने कहा कि यह ध्यान में रखा जाना चाहिए कि हमारी अगली पीढ़ी सामाजिक कलंक को आगे नहीं ले जाए। इसलिए पर्यावरण की रक्षा के लिए जल, भूमि और वनों की रक्षा करनी होगी।

भारत की अस्मिता और अस्तित्व के लिए हमें समाज को सक्रिय रखना है।

होसबोले ने कहा कि देश में लोकतंत्र की स्थापना में आरएसएस की भूमिका रही है। यह तथ्य विदेशी पत्रकारों द्वारा लिखा गया था। तमिलनाडु में धर्मातरण के खिलाफ हिंदू जागरण का शंखनाद हुआ।

आरएसएस महासचिव ने कहा कि आज संघ देश में सामाजिक जीवन के सभी क्षेत्रों में सक्रिय है, कोई भी आपदा आती है तो संघ के स्वयंसेवकों को ही याद किया जाता है।

होसबोले ने कहा, आज संघ राष्ट्रीय जीवन के केंद्र में है। संघ व्यक्ति निर्माण और समाज निर्माण का कार्य करता रहेगा। समाज के लोगों को जोडक़र समाज के लिए कार्य करेगा। आज संघ के एक लाख सेवा कार्य हो रहे हैं। संघ एक जीवनशैली और कार्य करने का तरीका है।

## संक्षिप्त खबरें

### सीआरपीएफ को मिली बड़ी सफलता, 7 नक्सली मिलिशिया सदस्य पकड़े गए

नई दिल्ली (एजेंसी)। नक्सलियों के खिलाफ अभियान में सीआरपीएफ को बड़ी सफलता मिली है। एक विशेष ऑपरेशन के दौरान सीआरपीएफ ने 7 नक्सली मिलिशिया सदस्यों को पकड़ा है। ये कार्रवाई सीआरपीएफ और छत्तीसगढ़ पुलिस द्वारा छत्तीसगढ़ के सुकमा में की गई। सीआरपीएफ की तरफ से ये जानकारी दी गई है। सीआरपीएफ ने बताया कि नक्सलियों द्वारा छिपाए गए हथियारों, गोला-बारूद और विस्फोटकों को बरामद करने के उद्देश्य से सर्च डिस्ट्रक्शन ऑपरेशन के अलावा जवानों द्वारा एरिया डोमिनेशन ऑपरेशन किए जा रहे हैं। ऐसा ही एक संयुक्त अभियान 141 बटालियन सीआरपीएफ और छत्तीसगढ़ पुलिस द्वारा बीती देर रात से गुरुवार सुबह तक सुकमा के कोंडावई गांव के आसपास शुरू किया गया था। ऑपरेशन के दौरान 7 नक्सली मिलिशिया सदस्यों को गिरफ्तार किया गया। जानकारी के मुताबिक गिरफ्तार किए गए सभी 7 लोग प्रतिबंधित सीपीआई माओवादी पार्टी की रिवोल्यूशनरी पीपल्स काउंसिल (आरपीसी) के मिलिशिया सदस्य थे। एक अधिकारी ने बताया कि छत्तीसगढ़ में सीआरपीएफ और छत्तीसगढ़ पुलिस द्वारा लगातार चलाए जा रहे अभियानों और फॉरवर्ड ऑपरेटिंग बेस की स्थापना के कारण नक्सल गतिविधियों में गिरावट जारी है, इसलिए बल नक्सली ताकत के फिर से उभरने की संभावना से बचने के लिए प्रभावित क्षेत्रों में बड़ी सतर्कता के साथ काम कर रहे हैं।

### असम : पुलिस ने 7 करोड़ रुपये की ड्रग्स जब्त की

गुवाहाटी (एजेंसी)। पुलिस ने दो अलग-अलग अभियानों में असम के कार्बी आंगलोंग जिले से 6-7 करोड़ रुपये मूल्य का मादक पदार्थ बरामद किया है, अधिकारियों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। जिले के एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि उन्हें विशिष्ट इनपुट मिले और बुधवार को अभियान चलाया गया। नशा तस्करी के आरोप में कुल तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। बोकाजन के अनुविभागीय पुलिस अधिकारी जॉन दास ने कहा कि पुलिस ने जिले के लहरीजन इलाके में अधियान चलाया और एक गाड़ी को रोका। दास ने कहा, वाहन की तलाशी लेने पर, सुरक्षाकर्मियों ने गाड़ी से सूप के डिब्बे से 306 ग्राम मादक पदार्थ बरामद किया। एक व्यक्ति को हिरासत में लिया गया। उसका नाम फैयास उद्दीन है और वह बोकाजन के डोबोका इलाके का मूल निवासी है। दूसरी कार्रवाई दिफू रेलवे स्टेशन पर की गई। अधिकारियों ने मीडिया को बताया कि अभियान के दौरान, पुलिस ने कम से कम एक किलोग्राम हेरोइन बरामद की और झालावाड़ (राजस्थान) के चंद्रशेखर सेन (45) और धीरज सोलंकी (30) नाम के दो लोगों को हिरासत में लिया। पुलिस के अनुसार जब्त मादक पदार्थ की बाजार कीमत करीब छह से सात करोड़ रुपये है।

### आम आदमी पार्टी ने लांच किया ऐप, लोगों को दी जानकारी


कोटा (एजेंसी)। आम आदमी पार्टी की बैठक सिमलिया में रखी गई। कार्यक्रम की संचालिका पूर्व सांगोद विधानसभा कोर्डिनेटर आरती जानार्दन ने बताया कि पार्टी के दिल्ली से आए पर्यवेक्षक ने आम आदमी पार्टी द्वारा लांच किए गए ऐप की जानकारी दी और ऐप के माध्यम से सदस्य जोडऩे का आव्हान किया। कार्यक्रम में पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता मनमोहन गुप्त , आर.के मीणा, पूर्व सांगोद विधानसभा प्रत्याशी योगेंद्र नागर, पूर्व कोटा दक्षिण विधानसभा प्रत्याशी के.बी सिंघल, पूर्व वार्ड प्रत्याशी रियाज मोहम्मद उपस्थित रहे। सभी ने आम आदमी पार्टी के 200 विधानसभा सीटों पर चुनाव लडऩे के फैसले का स्वागत किया और समर्थन किया।

### उपराष्ट्रपति और कानून मंत्री के खिलाफ बॉम्बे हाईकोर्ट में याचिका दाखिल

मुंबई 02 फरवरी, (आरएनएस)। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और केंद्रीय कानून मंत्री किरन रिजिजू के खिलाफ बॉम्बे हाईकोर्ट में एक याचिका दाखिल हुई है। बॉम्बे लॉयर्स एसोसिएशन ने जगदीप धनखड़ और किरन रिरिजू के हाल ही में दिये बयानों को लेकर उनके खिलाफ याचिका दायर की है। याचिका में मांग की गई है कि बॉम्बे हाईकोर्ट धनखड़ और रिजिजू को उन्हें अपने आधिकारिक कर्तव्यों का निर्वहन करने से रोके और घोषित करे कि दोनों अपने सार्वजनिक आचरण और अपने बयानों के माध्यम से भारत के संविधान में विश्वास की कमी दिखाते हुए अपने संवैधानिक पदों को धारण करने से अयोग्य हैं।

# विकास की रोशनी से कोई भी बच्चा वंचित नहीं रहेगा : सीएम मनोहर लाल

चण्डीगढ़ (एजेंसी)। हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि विकास की रोशनी से कोई भी बच्चा वंचित नहीं रहेगा, हमारा घर और परिवार एक ही है जिसका कोई नहीं उसके हम है, इस भावना से काम करे।



उन्होंने यह बात हरिहर नीति के तहत आयोजित बैठक में बच्चों से बातचीत करते हुए कही। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री श्रीमती कमलेश ढांडा भी उपस्थित रही।

मनोहर लाल ने बच्चों से कहा कि अगर किसी भी बच्चे को कोई भी परेशानी या जरूरत हो, तो सभी के लिए उनके घर के द्वार हमेशा खुले है। समाज में ऐसे बच्चे, जिनको अभिभावक छोड देते हैं या फिर त्याग देते हैं, ऐसे बच्चों को हरिहर नीति के तहत बाल देखरेख संस्थानों में रखकर इन बच्चों का पालन-पोषण कर समाज की मुख्यधारा से जोडऩा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जिन बच्चों के अभिभावकों द्वारा 5 वर्ष की आयु से पहले परित्यक्त या एक वर्ष की आयु से पहले अभिव्यक्त कर दिया गया हो तथा जिन्होंने बाल देखरेख गृहों में रहते हुए 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर ली हो ऐसे बच्चों को शैक्षणिक, वित्तीय सहायता और रोजगार सरकार द्वारा प्रदान करना है।

उन्होंने कहा कि तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास और औद्योगिक प्रशिक्षण सहित मुफ्त स्कूल व उच्च शिक्षा और 25 वर्ष की आयु तक या शादी के बाद तक देखभाल, पुनर्वास और वित्तीय सहायता या शादी जो भी पहले हो, इसके अलावा पात्र लाभार्थियों को देखभाल के बाद रहने की व्यवस्था के लिए 8 हजार रुपये प्रति माह भी दिया जाता है। उन्होंने कहा कि हरियाणा राज्य में घर खरीदने के लिए एकमुश्त ब्याज मुक्त ऋण सुविधा दी जा रही है। इस नीति के तहत बच्चों को अनुकंपा के आधार पर नौकरी तथा आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग का दर्जा प्रदान कर रही है। इस अवसर पर बच्चों ने मुख्यमंत्री को स्मृति चिह्न भेंट किया और मुख्यमंत्री ने सभी बच्चों को सम्मानित भी किया।

# अमृता हाट में खरीदारों का जमघट, ढाई लाख के हस्तनिर्मित उत्पादों की हुई बिक्री

जोधपुर (एजेंसी)। जोधपुर-पाली रोड स्थित अरबन हाट परिसर में चल रहे सात दिवसीय अमृता हाट में गुरुवार के दूसरे दिन गुरुवार को मेलार्थियों में भारी उत्साह दिखाई दिया तथा करीब ढाई लाख रुपये तक के हस्तनिर्मित उत्पादों की बिक्री हुई।

महिला अधिकारिता विभाग के उप निदेशक फरसाराम विश्नोई ने बताया कि इस अमृता हाट में महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा निर्मित सामग्री के प्रदर्शन एवं विपणन के लिए राज्य के विभिन्न जिलों से स्वयं सहायता समूह द्वारा निर्मित विभिन्न उत्पादों की लगभग 80 से ज्यादा स्टॉल्स लगाई गयी हैं। मेले में भाग लेने वाली स्वयं सहायता समूह सदस्याओं को विभाग की ओर से निःशुल्क स्टॉल्स, आवासीय व्यवस्था, भोजन एवं यात्रा भत्ता उपलब्ध करवाया जा रहा है। इस अमृता हाट का समय प्रातः 10 बजे से रात्रि 9 बजे तक होगा, जिसमें प्रवेश व पार्किंग की व्यवस्था निःशुल्क है। मेले में प्रतिदिन एक व्यक्ति द्वारा न्यूनतम 300 रूपये तक के उत्पाद क्रय करने पर लक्की ड्रॉ की व्यवस्था है, जिसमें प्रतिदिन ड्रॉ के तीन लक्की विजेताओं को 500, 300 एवं 200 रुपये की निःशुल्क खरीदारी विभाग द्वारा करवाई जायेगी।

**शुक्रवार को रूपनाथ एवं दल देगा मनोहारी प्रस्तुतियां :** उन्होंने बताया कि मेले के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अन्तर्गत संगीत नाटक अकादमी जोधपुर के रूपनाथ एण्ड गुरप द्वारा 3 फरवरी, शुक्रवार को शाम 6 से रात्रि 9 बजे तक प्रस्तुति दी जायेगी। कार्यक्रम के अंत में न्यूनतम 300 रुपये तक के उत्पाद क्रय करने वाले ग्राहकों के लक्की ड्रॉ कूपन निकाले जायेंगे।

इन उत्पादों की बिक्री और प्रदर्शन : उन्होंने बताया कि अमृता हाट में विभागीय महिला स्वयं सहायता समूहों व राजीविका द्वारा गठित महिला स्वयं सहायता समूहों, महिला आर्टिजन एवं एकल महिला उद्यमियों द्वारा निर्मित हैण्डीक्राफ्ट उत्पाद प्रदर्शित एवं बिक्री के लिए उपलब्ध हैं। इनमें लाख की चूडियां, मोजड़ी, पेपरमेशी, आर्टिफिशियल फ्लोवर्स, टेराकोटा, आर्टिफिशियल ज्वैलरी, वस्त्र उत्पादों में कशीदाकारी, चिकन जरी, पेचवर्क, एप्लिक वर्क, क्ले वर्क, पेंटिंग फेब्रिक, बातिक, काँच जड़ाई (मिरर वर्क), फैशन डिजाईनिंग, कुल्टिंग वर्क, हैण्ड ब्लॉक प्रिंट, पोशाकें, बंधेज सूट, वुडन क्राफ्ट, मार्बल की कलात्मक वस्तुएं आदि के हस्तनिर्मित उत्पाद, लहरियां, मोठड़ा, कोटा डोरियां की साडियां, सलवार सूट, कुर्ती, लहंगा, प्लाजो एवं आसन, लेदर की जूतियां, पर्स, जूट के बैग एवं पर्स, हर्बल साबुन, रोहट/सालावास की दरियां व चद्दरें, बाड़मेर की अजरख प्रिन्ट चद्दरें, कश्मीरी शॉल, स्टॉल्स, सूट, टॉप, पश्मीना शॉल, गुजराती सामान, देवी-देवताओं की पोशाकें, रेडिमेड कपड़े, सोजत की मेहन्दी, खाद्य उत्पादों में अथाना की मिर्ची का अचार, कैंडी अचार, मेलोशिप, आंवला सुपारी, आंवला के लड्डू, घी में बने बाजरे के लड्डू, बाजरे के कुरकुरे, बाजरे के बिस्किट, खिचिया, आंवला मुरब्बा, मसाले, पापड़, आम पापड़ मंगोड़ी, सूखी सब्जियां आदि उचित मूल्य पर उपलब्ध हैं।

# त्रिपुरा में वाम मोर्चा और कांग्रेस एक-दूसरे के खिलाफ खड़े उम्मीदवारों को वापस लेंगे

अगरतला (एजेंसी)। त्रिपुरा में सीपीआई-एम नीत वाम मोर्चा और कांग्रेस ने बुधवार बीती रात घोषणा की कि दोनों पार्टियां सीटों के बंटवारे के समझौते के तहत 16 फरवरी को होने वाले चुनाव में एक-दूसरे के खिलाफ खड़े अपने उम्मीदवारों को वापस ले लेंगी। सीपीआई-एम के नेतृत्व में वामपंथी दलों ने 25 जनवरी को 47 उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की, जिसमें 13 सीटें उनके नए सहयोगी कांग्रेस के लिए छोड़ी गईं, जबकि आठ मौजूदा विधायकों को छोड़ दिया गया।



वामपंथी दलों द्वारा कम सीटों के आवंटन से कांग्रेस नेता नाराज थे। 28 जनवरी को कांग्रेस ने 17 उम्मीदवारों की घोषणा की।

नामांकन भरने के आखिरी दिन सोमवार को वामदलों और कांग्रेस दोनों ने कई सीटों पर एक दूसरे के खिलाफ उम्मीदवार उतारे हैं। बुधवार की देर रात सीपीआई-एम ने एक बयान में कहा कि वे कांग्रेस उम्मीदवारों के खिलाफ मैदान में उतरे अपने अतिरिक्त उम्मीदवारों को वापस ले लेंगे और कांग्रेस नेताओं से जवाबी कार्रवाई करने का आग्रह किया।

कांग्रेस प्रवक्ता और पार्टी के प्रदेश महासचिव प्रशांत भट्टाचार्य ने बुधवार बीती देर रात बताया कि वामपंथी उम्मीदवारों के खिलाफ खड़े किए गए उनके उम्मीदवार गुरुवार को वापस ले लिए जाएंगे। गुरुवार को नाम वापसी का अंतिम दिन है। कांग्रेस नेता और त्रिपुरा में पार्टी के इकलौते विधायक सुदीप रॉय बर्मन ने कहा था कि उन्होंने पहले 27 सीटों की मांग की थी और फिर वामपंथी दलों से 23 सीटों की मांग की थी।

कांग्रेस उम्मीदवारों की सूची के अनुसार, रॉय बर्मन अगरतला निर्वाचन क्षेत्र से फिर से चुनाव लड़ेंगे, जबकि प्रदेश पार्टी अध्यक्ष बिरजीत सिन्हा कैलाशहर से चुनाव लड़ेंगे।

# हरियाणा विधानसभा का बजट सत्र 20 फरवरी से शुरू होगा

चंडीगढ़ (एजेंसी)। हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि राज्य का बजट सत्र 20 फरवरी, 2023 से आरंभ होगा। पिछले साल की तरह इस साल भी सदन की बैठक दो भागों में होगी। पहले भाग में राज्यपाल के अभिभाषण और उस पर चर्चा और बजट प्रस्तुत किया जाएगा जबकि दूसरे भाग में उस पर चर्चा तथा बजट को पारित किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने यहां पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्रीय बजट-2023 2024 समावेशी और भविष्योन्मुखी है, जिसमें नौकरीपेशा लोगों, युवाओं, महिलाओं, पुरुषों और किसानों के सशक्तिकरण को ध्यान में रखा गया है।

उन्होंने कहा कि बजट में ढांचागत विकास, स्वास्थ्य, रोजगार सृजन, आवास, सामाजिक कल्याण, कृषक कल्याण, उच्च शिक्षा, नवाचार एवं अनुसंधान पर विशेष ध्यान केंद्रित किया गया है, जो हरियाणा के लिए लाभकारी होगा।

मनोहर लाल ने कहा कि केंद्रीय बजट से पहले बजट पूर्व विचार-विमर्श बैठक के दौरान उन्होंने दो सुझाव दिए थे, जिसे केंद्रीय वित्त मंत्रालय ने स्वीकार कर लिया है। पहला सुझाव ग्रामीण बुनियादी ढांचा विकास कोष (आरआईडीएफ) की तर्ज पर शहरी आधारभूत संरचना विकास निधि (यूआईडीएफ) की स्थापना का सुझाव दिया था। केंद्रीय वित्त मंत्री ने इस सुझाव को मानते हुए यूआईडीएफ की स्थापना की घोषणा की है।

इसके अलावा दूसरा सुझाव राज्यों को 50 वर्ष के ब्याज मुक्त ऋण के रूप में विशेष सहायता जारी रखने का दिया था। इस योजना को भी बजट में जारी रखा है और इसके लिए आम बजट में 1 लाख 3 हजार करोड़ रुपये की राशि का प्रावधान किया है। इस योजना के तहत हरियाणा ऑर्बिटल रेल कॉरिडोर परियोजना के लिए 874 करोड़ रुपये पिछले वित्त वर्ष में स्वीकृत हुए थे। इस वित्त वर्ष में भी हमें पर्याप्त धनराशि प्राप्त होगी।

हरियाणा की पड़ोसी राज्यों की तुलना में वित्तीय स्थिति बेहतर

मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा अपने पड़ोसी राज्यों की तुलना में बेहतर वित्तीय स्थिति में है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय बजट में देश की चालू वित्त वर्ष की आर्थिक वृद्धि दर लगभग 7 प्रतिशत दर्शाई गई है। जबकि हरियाणा की आर्थिक वृद्धि दर लगभग 8 प्रतिशत है, जोकि राष्ट्रीय औसत से भी अधिक है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय बजट में वित्तीय घाटे की सीमा राज्य सकल घरेलू उत्पाद का 3 प्रतिशत तक तय की गई है। हरियाणा पहले ही वित्तीय घाटे को इससे कम रखने में सफल रहा है। वित्त वर्ष 2021-22 का वित्तीय घाटा 2.9 प्रतिशत था। उन्होंने कहा कि उन्हें विश्वास है कि चालू वित्त वर्ष का घाटा भी इससे कम ही रहेगा। उन्होंने कहा कि केंद्रीय बजट के अनुसार देश में वर्ष 2014 से अब तक प्रति व्यक्ति आय दो गुणा से अधिक होकर 1.97 लाख रुपये हो गई है। जबकि हरियाणा की प्रति व्यक्ति आय लगभग 2 लाख 75 हजार रुपये है। हरियाणा सरकार ने लगभग 10 लाख किसानों को 63,000 करोड़ रुपये का डिजिटल भुगतान किया।

# गुरु रविदास ने मानवता के कल्याण का संदेश दिया है : सीएम मान

जालंधर (एजेंसी)। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने गुरुवार को गुरु रविदास के उपदेशों के अनुरूप समाज के कमजोर और वंचित वर्गो की समस्याओं को दूर करने के लिए काम करने का संकल्प लिया। डेरा बल्लन के प्रमुख संत बाबा निरंजन दास से आशीर्वाद लेने के बाद गुरु रविदास का प्रकाश पर्व मनाने के लिए यहां से वाराणसी के लिए तीर्थयात्रियों की ट्रेन को झंडी दिखाकर रवाना करने से पहले एक सभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार गरीबों की भलाई सुनिश्चित करने के लिए बाध्य है। मान ने कहा कि गुरु रविदास के आशीर्वाद से उनकी सरकार प्रचंड बहुमत से सत्ता में आई है। उन्होंने कहा कि गरीब से गरीब व्यक्ति की भलाई सुनिश्चित करने में कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि गुरु रविदास ने संपूर्ण मानवता के कल्याण, समाज के सभी वर्गो की समानता, समतामूलक मूल्यों पर आधारित समाज के निर्माण का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि गुरु रविदास ने एक ऐसे आदर्श समाज की अवधारणा रखी, जहां कोई भी किसी भी प्रकार की पीड़ा से न गुजरे। मान ने कहा कि उनकी सरकार गुरु रविदास की शिक्षाओं और दर्शन पर आधारित समाज के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री ने लोगों के सामाजिक और आर्थिक कल्याण में डेरा बल्लान द्वारा निभाई जा रही भूमिका की भी सराहना की।

## संपादकीय

# यह कारोबार समर्थक बजट है

इस बार का आम बजट पूरी तरह से चुनावी बजट है. इसके पहले हिस्से में तो सब कुछ अच्छा-अच्छा बता दिया गया कि हम किस तबके के लिए क्या-क्या करेंगे. अब सवाल उठता है किसको क्या मिला. धनराशि के आवंटन को देखें, तो बहुत सारी चीजें, जो गरीबों और किसानों के हक की थीं, उनमें कटौती की गयी है, चाहे वो फूड सब्सिडी, यूरिया सब्सिडी हो या ग्रामीण रोजगार गारंटी प्रोग्राम. स्वास्थ्य पर भी खास खर्च नहीं किया गया है. शिक्षा पर थोड़ा किया है, लेकिन जितना होना चाहिए, उतना नहीं. ये पूरा कारोबार समर्थक बजट है. ओवरऑल बजट में व्यय या लागत का असर होता है. चूंकि आय की कमी है, तो इससे डिमांड नहीं बढ़ेगी. समग्र व्यय कम होने से ग्रोथ को प्रोत्साहन नहीं मिलेगा. हालांकि अभी हमें ग्रोथ रेट नहीं देखना चाहिए, देखना चाहिए लेवल ऑफ जीडीपी कितना है. पिछले तीन साल में सिर्फ पौने तीन प्रतिशत की ग्रोथ हुई है. यानी अभी हम 2019 के पहले वाले ट्रेंड पर नहीं आ पाये हैं. अगर कोविड महामारी नहीं आती, तो अर्थव्यवस्था आठ से नौ प्रतिशत आगे बढ़ी होती, उसको पाने के लिए हमें ग्रोथ रेट को अभी बढ़ाना चाहिए. टैक्स में जो छूट दी गयी है, उसका सिर्फ अमीर लोगों को लाभ होगा. टैक्स में छूट को पांच लाख, सात लाख, दस लाख सालाना आय वालों के लिए फायदेमंद बताया जा रहा है, लेकिन इस आय वर्ग के लोग अप्रत्यक्ष कर ज्यादा देते हैं और प्रत्यक्ष कर कम. इसलिए अगर इनडायरेक्ट टैक्स कम न हो और डायरेक्ट टैक्स में थोड़ी बहुत कटौती हो जाये, तो इस आय वर्ग के लोगों का बहुत मामूली एकाध फीसदी की ही फायदा होता है, लेकिन महंगाई से उससे ज्यादा नुकसान हो रहा है, तो इसलिए मिडिल क्लास के लिए भी इस बजट में कोई फायदा नहीं दिख रहा है. इस बजट में फूड सब्सिडी कम कर दी सरकार ने. पहले अन्न योजना में पांच किलो और फूड सिक्योरिटी एक्ट में पांच किलो यानी दस किलो मिलता था, उसे जोड़कर सिर्फ पांच किलो कर दिया गया है. आम आदमी को 13 किलो प्रति व्यक्ति प्रतिमाह अनाज चाहिए होता है. पहले वह तीन किलो बाहर से खरीदता था, अब उसे आठ किलो अनाज बाहर से खरीदना होगा. अब चूंकि गेहूं और चावल के दाम बढ़ गये हैं, तो उसका पांच से छह सौ रुपये प्रतिमाह खर्च बढ़ जायेगा. इससे परिवार की गरीबी और बढ़ जायेगी. पीएम आवास योजना में पिछले साल 77 हजार करोड़ रुपया दिया गया था, अब वो 79 हजार करोड़ किया गया है, यानी बात करीब-करीब वहीं के वहीं है.

**दैनिक न्यूज़ वायरस**
**संपादक : मौ.सलीम सैफी, कार्यकारी संपादक :** आशीष कुमार तिवारी न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक मौ.सलीम सैफी द्वारा विश्वनाथ प्रिंटर्स, अजबपुर कलां, देहरादून से प्रकाशित एवं न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड, 48/3 बलबीर रोड, डालनवाला, देहरादून से मुद्रित। **फ़ोन :** 0135-4066790, 2672002 **RNI No. :** UT-THIN/2012/44094 **Cert. Ser. No. :** 31406 **E-mail :** dainiknewsvirus@gmail.com **Website :** www.newsvirusnetwork.com **YouTube :** TV News Virus
न्याय क्षेत्राधिकार : जनपद देहरादून (उत्तराखंड), भारत

# व्हाट्सएप की प्राइवेसी पॉलिसी मानने को बाध्य नहीं यूजर्स : सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली (एजेंसी)। सर्वोच्च न्यायालय ने बुधवार को व्हाट्सएप को मीडिया में व्यापक प्रचार करने का निर्देश दिया कि उपयोगकर्ता उसकी 2021 की गोपनीयता नीति को स्वीकार करने के लिए बाध्य नहीं हैं और व्हाट्सएप की कार्यक्षमता तब तक प्रभावित नहीं होगी जब तक कि नया डेटा सुरक्षा बिल लागू नहीं हो जाता। मई 2021 में, व्हाट्सएप ने इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के पत्र के जवाब में आश्वासन दिया था कि यदि वह नई गोपनीयता नीति अपडेट को स्वीकार नहीं करते हैं तो संदेश सेवा अपने उपयोगकर्ताओं के लिए कार्यक्षमता को सीमित नहीं करेगी। न्यायमूर्ति के.एम. जोसेफ की अध्यक्षता वाली पांच-न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने पाया कि व्हाट्सएप उपक्रम को व्यापक प्रचार देने से उन लोगों को लाभ होगा जो इसकी 2021 की गोपनीयता नीति की शर्तों से सहमत नहीं हैं। शीर्ष अदालत ने व्हाट्सएप से सरकार को दिए गए अपने वचन पत्र के संबंध में पांच अखबारों में विज्ञापन देने को कहा। बेंच-जिसमें जस्टिस अजय रस्तोगी, अनिरुद्ध बोस, हृषिकेश रॉय और सी टी रविकुमार भी शामिल हैं- उन्होंने कहाः हम निर्देशित करते हैं कि व्हाट्सएप इस पहलू को दो बार पांच राष्ट्रीय समाचार पत्रों में प्रचार करेगा। पीठ ने कहा कि उसने सरकार के जवाब में अपनाए गए रुख को रिकॉर्ड किया है और हम व्हाट्सएप के वरिष्ठ वकील की दलील को रिकॉर्ड करते हैं कि वह सुनवाई की अगली तारीख तक पत्र की शर्तों का पालन करेंगे।




शीर्ष अदालत ने कहा कि केंद्र के वकील ने उसके संज्ञान में लाया है कि एक डिजिटल व्यक्तिगत डेटा संरक्षण विधेयक 2022 संसद के समक्ष रखा जाने वाला है, और यह विवाद है कि विधेयक में अधिकांश पहलू शामिल होंगे जो इस अदालत के समक्ष याचिकाओं की विषय वस्तु हैं और इस मामले को बाद के स्तर पर उठाया जा सकता है। इस अनुरोध को व्हाट्सएप के वकील ने भी प्रतिध्वनित किया। हालांकि, याचिकाकर्ताओं के वकील ने इस पहलू का पुरजोर विरोध किया और प्रस्तुत किया कि सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष याचिकाओं में उठाए गए मुद्दों के समाधान के लिए कानून को आड़े नहीं आना चाहिए। याचिकाकर्ताओं के वकील ने कहा कि व्हाट्सएप द्वारा यूरोप में अपने ग्राहकों के लिए स्टैंड यहां लिए गए अपने स्टैंड के विपरीत है, और अदालत से मामले की सुनवाई करने का आग्रह किया। याचिकाकर्ताओं के वकील ने जोर देकर कहा कि गोपनीयता नीति में डेटा शेयरिंग से बाहर निकलने का विकल्प होना चाहिए। दिन भर की दलीलें सुनने के बाद, शीर्ष अदालत ने व्हाट्सएप की गोपनीयता नीति को चुनौती देने वाली याचिकाओं के बैच में अंतरिम निर्देश पारित किया और मामले को 11 अप्रैल को आगे की सुनवाई के लिए निर्धारित किया। वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने व्हाट्सएप का प्रतिनिधित्व किया और वरिष्ठ अधिवक्ता अरविंद दातार ने मेटा का प्रतिनिधित्व किया। वरिष्ठ अधिवक्ता श्याम दीवान और के.वी. विश्वनाथन ने अन्य वकीलों के साथ याचिकाकर्ताओं का प्रतिनिधित्व किया। शीर्ष अदालत कर्मण्य सिंह सरीन और श्रेया सेठी नामक छात्रों की याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें वॉट्सऐप और उसकी मूल कंपनी फेसबुक के बीच यूजर्स के कॉल, फोटो, मैसेज, वीडियो और डॉक्यूमेंट को उपलब्ध कराने के लिए हुए समझौते को चुनौती दी गई थी और इसे लोगों की निजता और बोलने की आजादी का उल्लंघन करार दिया गया था।

# रक्षा बजट : परिचालन तैयारियों पर ध्यान, अग्निवीरों के प्रशिक्षण पर जोर

नई दिल्ली (एजेंसी)। रक्षा बजट में वर्तमान और भविष्य की चुनौतियों का सामना करने के लिए सेवाओं की परिचालन संबंधी तैयारियों के उच्च स्तर को बनाए रखने पर ध्यान दिया गया है, जबकि गैर-वेतन राजस्व परिचालन आवंटन बढ़ाकर 27,570 करोड़ रुपये किया गया है। इस खंड के तहत बजटीय परिव्यय के साथ बजट अनुमान 2022-23 में 62,431 करोड़ रुपये से बढक़र 2023-24 में 90,000 करोड़ रुपये हो गया। बजट में बढ़ाए गए आवंटन से अग्निवीरों के लिए प्रशिक्षण सहायता और सिमुलेटर को भी पूरा किया जाएगा और यह सुनिश्चित किया जाएगा कि वे रक्षा बलों में शामिल होने के लिए प्रशिक्षण के निर्धारित मानकों को पूरा करेंगे। रक्षा मंत्रालय ने कहा, यह हथियार प्रणालियों, जहाजों/विमान और उनके रसद सहित प्लेटफार्मों के भरण-पोषण को पूरा करेगा, बेड़े की सेवाक्षमता को बढ़ावा देगा, सैन्य भंडार के लिए महत्वपूर्ण गोला-बारूद और पुर्जो की आपातकालीन खरीद, जहां भी आवश्यक होगा, स्टॉकिंग की जाएगी। गैर-वेतन राजस्व खंड में इस वृद्धि के अग्रदूत के रूप में मध्यावधि समीक्षा के दौरान सरकार ने चालू वित्तवर्ष के परिचालन आवंटन में भी 26,000 करोड़ रुपये की वृद्धि की थी, जो वर्तमान आवंटन का 42 प्रतिशत है। संशोधित अनुमान 2022-23 में इस अभूतपूर्व वृद्धि ने चालू वर्ष के दौरान संपूर्ण कैरी ओवर देनदारियों का परिसमापन सुनिश्चित किया है, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि सेवाओं के अगले वर्ष के परिचालन परिव्यय में कोई कमी नहीं है।



# 'स्प्लिट्सविला एक्स4' : सनी लियोनी ने किया कंटेस्टेंट को मोटिवेट, साझा की अपनी कहानी

'स्प्लिट्सविला एक्स4' की होस्ट सनी लियोनी ने शो में प्रतियोगी कशिश ठाकुर को प्रेरित करने के लिए अपनी संघर्ष की कहानी साझा की। हाल ही के एपिसोड में, यह देखा गया कि कशिश ने ऊर्फी जावेद के साथ संबंध बनाने के बारे में सोचा लेकिन उसका दिल टूट गया।

और तो और, कशिश अपने आदर्श मैच आकाशलीना के साथ सेफ जोन में बैठे दिखे, लेकिन उनका असली कनेक्शन महक डंपिंग जोन में था। कशिश चिंतित थे क्योंकि हामिद और साउंडस के पास किसी को छोडने की शक्ति थी और वे शायद महक को बाहर कर देंगे।


कशिश ने कहा, अगर महक जा रही है तो मैं भी शो छोड़ रहा हूं क्योंकि मैंने उसे कमिटमेंट दिया है और मैं उससे पीछे नहीं हटूंगा। वह मेरी प्राथमिकता है। कशिश इतने निराश थे कि वह शो छोडने को तैयार था। फिर सनी ने इंडस्ट्री में अपनी आपबीती सुनाकर उन्हें सांत्वना दी। सनी ने कहा, मैं आपको पहले दिन से देख रही हूं और मुझे पता है कि आप कैसे काम करते हैं, लेकिन अगर आप एक लडकी की वजह से इस शो को खो देते हैं, तो यह एक अलग तरह का नुकसान होगा। मैं आपको खुद का उदाहरण देती हूं, अगर मैंने इस देश में आने के बाद से सभी को गंभीरता से लिया होता, तो मैं अपना बैग पैक कर लेती और घर वापस चली गई होती। सनी ने आगे कहा, 10 साल हो गए हैं और मैं अभी भी यहां हूं। मुझे परवाह नहीं कि लोग क्या कहते हैं और वे अब भी करते हैं। कई लोग बिना किसी कारण के आपको नीचा दिखाने के लिए नीचे गिरेंगे और इसने मुझे और भी मजबूत बना दिया है। भले ही यह एक शो है, मैं चाहती हूं कि आप बड़ी तस्वीर देखें और आपके लिए वह बड़ी तस्वीर जीतनी होगी। 'स्प्लिट्सविला एक्स4' एमटीवी पर प्रसारित होता है।

## पठान ने पहले सप्ताह कमाए 315 करोड़ रुपये, तोड़ा कई रिकॉर्ड

शाहरुख खान की फिल्म पठान बॉक्स ऑफिस पर कई सारे रिकॉर्ड्स तोड़ चुकी है. फिल्म का शानदार प्रदर्शन देख हर कोई हैरान है. फिल्म की कमाई को देखकर अंदाजा लगाया जा रहा है कि यह और भी ज्यादा कमाई करने वाली है. मंगलवार को लगभग 15 प्रतिशत की गिरावट देखने के बाद, फिल्म ने कुल 21 करोड़ रुपये और जोड़े. सप्ताह के दिनों में गिरावट के रुख के बावजूद, पठान ने बड़ा स्कोर करना जारी रखा है. रिपोर्ट के अनुसार, ब्लॉकबस्टर पहले सप्ताहांत के बाद, पठान ने कुल 315 करोड़ रुपये की कमाई के साथ बॉक्स ऑफिस पर अपना पहला सप्ताह पूरा कर लिया है. फिल्म पहले ही केजीएफ 2 हिंदी के रिकॉर्ड तोडने में कामयाब रही है.

आपको बता दें कि पहले सप्ताह के अंत में, पठान से लगभग 350 करोड़ रुपये की कमाई करने की उम्मीद है. फिल्म ने यूपी और दिल्ली सर्किट में काफी अच्छा बिजनेस किया है. गुजरात/सौराष्ट्र के बाजार में भी फिल्म की कुल कमाई का योगदान शानदार रहा. अपने थिएटर रन के अंत में, पठान से केजीएफ 2 हिंदी डब की कमाई से प्रतिस्पर्धा करने की उम्मीद है. दुनिया भर के बॉक्स ऑफिस पर, पठान 500 करोड़ रुपये से अधिक की कमाई करने में सफल रही है.

बताते चलें कि फिल्म की सफलता देखकर हाल ही में दीपिका पादुकोण काफी ज्यादा भावुक हो गई थी उन्होंने भावुक होकर साझा किया था, ईमानदारी से कहूं तो मुझे नहीं लगता कि हम रिकॉर्ड तोडने जा रहे हैं. शाहरुख ने मुझे अपनी पहली फिल्म में यही सिखाया था. उन्होंने मुझसे कहा था कि तुम्हें उन लोगों के साथ काम करना चाहिए जो तुम्हें खुश करते हैं.



# साउथ के सुपरस्टार अजित की अगली फिल्म में ऐश्वर्या की एंट्री

सुपरस्टार अजित कुमार की फिल्म थुनिवु इन दिनों सिनेमाघरों में धमाल मचा रही है। उनकी फिल्म एके 62 भी पिछले काफी समय से चर्चा में है और प्रशंसक थुनिवु के बाद अब अजित की इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। यह एक कॉमेडी थ्रिलर फिल्म होगी। अब जो खबर आ रही है, उससे दर्शकों का उत्साह और बढ़ जाएगा। दरअसल, फिल्म में अजित के साथ ऐश्वर्या राय बच्चन नजर आ सकती हैं।

रिपोर्टों के मुताबिक, इस फिल्म में अजित के साथ एक नहीं, बल्कि दो हीरोइनें नजर आएंगी। उनकी एक लीडिंग लेडी के रूप में ऐश्वर्या का नाम फाइनल हो गया है। ऐश्वर्या ने फिल्म भी साइन कर ली है। वह फिल्म की कहानी और अपने किरदार से बेहद प्रभावित हुईं। दूसरी हीरोइन के लिए तृषा कृष्णन का नाम सामने आया है। खास बात है कि दोनों ही अभिनेत्रियां पिछली बार ब्लॉकबस्टर फिल्म पोन्नियन सेल्वन 1 में दिखी थीं। एके 62 लाइका प्रोडक्शन हाउस के बैनर तले बन रही है। जहां अजित पहली बार इस प्रोडक्शन हाउस से जुड़े हैं, वहीं ऐश्वर्या की पोन्नियन सेल्वन इसी प्रोडक्शन हाउस के बैनर तले बनी थी। इंडियन 2 के निर्माण की जिम्मेदारी भी लाइका प्रोडक्शन पर है।

अजित की 62वीं फिल्म की शूटिंग जल्द ही शुरू होगी। इसे काफी बड़े बजट में बनाया जा रहा है। इस फिल्म में कई बड़े सितारे अपनी मौजूदगी दर्ज कराने वाले हैं। इस फिल्म का निर्देशन जाने-माने निर्देशक विग्नेश सिवान कर रहे हैं। फिल्म में कॉमेडी के साथ-साथ रोमांच का तडका भी खूब लगेगा। इसमें अजित का एक ऐसा अवतार देखने को मिलेगा, जो इससे पहले कभी देखने को नहीं मिला। अभिनेता अरविंद स्वामी इस फिल्म में विलेन बन सकते हैं।

अजित तमिल सिनेमा में मशहूर हैं। वह चार विजय पुरस्कार, तीन सिनेमा एक्सप्रेस पुरस्कार, तीन फिल्मफेयर पुरस्कार साउथ और तीन तमिलनाडु स्टेट फिल्म पुरस्कार अपने नाम कर चुके हैं। वह फोर्ब्स इंडिया सेलेब्रिटी 100 की सूची में तीन बार अपनी जगह बना चुके हैं। ऐश्वर्या को पिछली बार साउथ की फिल्म पोन्नियन सेल्वन 1 में देखा गया था। इस फिल्म में ऐश्वर्या के अभिनय और अंदाज की भी खूब तारीफ हुई। इससे पहले वह 2018 में फिल्म फन्ने खान में नजर आई थीं, जो बॉक्स ऑफिस पर फेल हो गई। चार साल बाद ऐश्वर्या ने पर्दे पर अपनी धमाकेदार वापसी कर दर्शकों का दिल जीत लिया। अब ऐश्वर्या एक बार फिर साउथ की फिल्म में काम करने जा रही हैं।

ऐश्वर्या पोन्नियन सेल्वन 2 में नजर आएंगी। उन्होंने द लेटर नाम की एक इंटरनेशनल फिल्म भी साइन की है, जो रवींद्रनाथ टैगोर की किताब श्री वुमन पर आधारित है। यह फिल्म कादम्बरी देवी के लेटर पर आधारित है, जो टैगोर की भाभी थीं। नेल्सन दिलीप कुमार के निर्देशन में बन रही फिल्म थलाइवार 169 में ऐश्वर्या साउथ के भगवान माने जाने वाले रजनीकांत के साथ नजर आ सकती हैं।

## श्रीमुखी ने सोशल मीडिया पर लगाई आग, वायरल हुई तस्वीर

साउथ की खूबसूरत एक्ट्रेस और टैलेंटेड एक्टर श्रीमुखी को आज के समय में कौन नहीं जनता है, वह हमेशा ही किसी न किसी बात के चलते चर्चाओं में बनी रहती है। इतना ही नहीं एक्ट्रेस हमेशा ही अपने फैंस का दिल जीतने के लिए एक से बढ़कर एक फोटोज साझा करती है। वहीं श्रीमुखी अपनी ग्लैमरस अदाओं से इंटरनेट पर धूम मचती हुई दिखाई दे रही है। हाल ही में उन्होंने काफी बोल्ड फोटोशूट कराया है।

शिमरी ब्लू गाउन और शार्ट ब्लैक ड्रेस में श्रीमुखी बहुत ही ज्यादा खूबसूरत दिखाई दे रही है। अपने इस लुक को दिलचस्प बनाने के लिए उन्होंने बोल्ड मेकअप कर रखा है। श्रीमुखी की फोटोज पर उनके फैंस जमकर कमेंट करते हुए दिखाई दे रहे है। इस खूबसूरत एंकर का कमेंटबॉक्स हार्ट इमोजी से भर गया है।

लेटेस्ट ट्रेंडी वियर में श्रीमुखी की ये फोटोज बहुत बोल्ड है। बिग बॉस के उपरांत उनका बदला हुआ अंदाज फैंस को हैरान करने लगा है। सोशल मीडिया पर श्रीमुखी के 4 मिलियन से अधिक फैंस हैं। हर दिन उनकी पोस्ट सोशल मीडिया पर खूब वायरल होती हुई दिखाई दे रही है। वर्क फ्रंट के बारें में बात की जाए तो वह अपने अभिनय के साथ साथ सोशल मीडिया पर भी बहुत सक्रीय रहती है, और अपने फैंस के साथ एक से बढ़कर एक पोस्ट शेयर करती रहती है ।